आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 342 -• जबलपुर • रविवार, 15 जनवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • माघ कृष्ण पक्ष 9 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## तमिलनाडु में जलीकट्टू के दौरान 19 घायल

**मदुरै, एजेंसी।** तमिलनाडु में मट्टू पोंगल के दिन मदुरै के तीन गांवों में रविवार को जल्लीकट्टू शुरू हो गया। इसके साथ ही जल्लीकट्टू के दौरान 19 लोग घायल हो गए। 11 लोगों को इलाज के लिए मदुरै के सरकारी राजाजी अस्पताल भेजा गया है। जल्लीकट्टू को एरु थझुवुथल और मनकुविरत्तु के नाम से भी जाना जाता है। यह खेल पोंगल त्योहार का एक हिस्सा है। रविवार को जल्लीकट्टू मदुरै के अवनियापुरम में हो रहा है।

## आर्मी डे पर पीएम का मैसेज– हमें सेना पर गर्व

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित गोविंदस्वामी परेड ग्राउंड में रविवार को आर्मी डे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हम स्ट्र पर हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। आर्मी चीफ ने सेना को पर्याप्त मात्रा में हथियार मुहैया कराने के लिए सरकार को धन्यवाद कहा। उधर, पीएम मोदी ने आर्मी डे पर सेना को बधाई संदेश दिया है।

## नेपाल में विमान हादसा, पहाड़ी से टकराकर खाई में जा गिरा, धमाके के बाद आग लगी

# 72 यात्रियों की मरने की खबर, 4 भारतीय भी थे सवार

**काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के पोखरा में बड़ा विमान हादसा हो गया है। येति एयरलाइंस का विमान काठमांडू से पोखरा आ रहा था। विमान पर 68 यात्री सवार थे। हादसे की भयावह तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। रनवे पर हुए हादसे में विमान में आग लग गई, जिसका धुएं दूर से देखा गया। अभी हादसे के कारणों का पता नहीं चला है। विमान में सवार सभी यात्रियों के मारे जाने की सूचना है। अभी पुष्टि होना बाकी है। बड़ी आशंका यह भी है कि विमान में 4 भारतीय यात्री सवार थे।**





अब तक 45 यात्रियों के शव निकाले जा चुके हैं।शुरुआती जांच में आशंका जताई गई है कि पोखरा शहर में प्रवेश करते समय विमान पहाड़ी से टकरा गया। कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी और माना जा रहा है कि इसी कारण हादसा हुआ।भारत में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी ट्वीट कर हादसे पर दुख व्यक्त किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अब तक 32 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। विमान उस समय लैंड हुआ जब उसे पोखरा में लैंड करना था। खराब मौसम को हादसे का कारण बताया जा रहा है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।नेपाल के प्रधानमंत्री ने आपात बुलाई है। जल्द ही वे मौके पर पहुंच सकते हैं। अब तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। कई शव क्षत-विक्षत अवस्था में हैं। राहत तथा बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक 13 शव बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों की पहचान की जा रही है। विमान पर 68 यात्रियों के अलावा चालक दल के 4 सदस्य भी मौजूद थे।समाचार एजेंसी के मुताबिक, नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर 72 सीटों वाला यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बचाव कार्य जारी है और फिलहाल एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। तकनीकी कारणों से हादसा होने की बात कही जा रही है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।



## तेलंगाना–आंध्र प्रदेश को वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात, पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार यानी 15 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर देश को आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री ने सिकंदराबाद और विशाखापट्टनम के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस उस भारत का प्रतीक है जो अपने हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं देना चाहता है। यह उस भारत का प्रतीक है, जो गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। पीएम ने आगे कहा, आज वंदे भारत को लेकर जिस तेजी से काम हो रहा है, वह सराहनीय है।

## कुत्ते को लेकर झगड़ा ,पड़ोसी पर फेंका एसिड

नई दिल्ली ,ईएमएस। राजधानी के उत्तम नगर इलाके में शनिवार को पालतू कुत्ते को लेकर पड़ोसियों में झगड़ा हुआ। इसके दौरान एक शख्स ने कत्ते के मालिक पर एसिड फेंक दिया। जिससे उसका शरीर झुलस गया है। पीड़ित को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। झगड़े में पीड़ति के सिर पर भी चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। यहां शनिवार रात करीब 10 बजे राजेश्वर अपने बेटे अभिषेक के साथ डॉगी को लेकर वॉक पर निकला था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक परिवार ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इससे राजेश्वर के सिर पर चोट लग गई। झगड़े में पड़ोसियों ने राजेश्वर और अभिषेक पर एसिड फेंक दिया। इससे राजेश्वर का शरीर झुलस गया। वहीं, अभिषेक पर एसिड नहीं गिरा। राजेश्वर को इलाज के लिए दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया



### मिस यूनिवर्स बनीं SA की गैब्रिएल

## भारत की हरनाज ने पहनाया ताज दिविता टॉप 5 में नहीं पहुंच सकी

**न्यू ऑर्लेअंस, एजेंसी।** 71वां मिस यूनिवर्स खिताब ङ्की आर बोनी गैब्रिएल को मिला है। फर्स्ट रनर अप वेनेजुएला की डियाना सिल्वा और सेकेंड रनर अप डोमिनिकन रिपब्लिक की एमी पेना रहीं। यह पेजेंट अमेरिका के न्यू ऑर्लेअंस शहर में हुआ। इसमें 25 साल की दिविता राय ने भारत को रिप्रजेंट किया, जो टॉप 5 में नहीं पहुंच सकीं। वो इवनिंग गाउन राउंड से बाहर हो गई। इस पेजेंट में दुनियाभर की 86 सुंदरियों ने हिस्सा लिया।दिविता टॉप 16 तक पहुंच गई थीं। नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड में दिविता ने सोन चिरैया बन सभी का ध्यान खींचा था। दरअसल, एक समय भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। दिविता की गोल्डन कलर की इस ड्रेस ने इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर भारत की उसी इमेज को दिखाने की प्रयास किया।

## जेल में बंद गैंगस्टर ने दी थी नितिन गडकरी को धमकी नागपुर पुलिस का दावा

**नागपुर, ईएमएस।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जेल से धमकी मिल रही थी। इस बात की जानकारी पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि धमकी देने वाला कुख्यात गैंगस्टर और हत्या का आरोपी जयेश कांथा है। वह इस समय कर्नाटक के बेलगावी जेल



में बंद है। वहां अवैध रूप से फोन का इस्तेमाल कर रहा था। आरोपी के पास से एक डायरी भी बरामद की गई है। नागपुर पुलिस ने पूछताछ के लिए जेल प्रशासन से रिमांड मांगा है।नितिन गडकरी के नागपुर स्थित ऑफिस में शनिवार को धमकी भरे तीन कॉल आए। पहला सुबह 11.25 बजे, फिर 11.32 बजे और तीसरा 12.32 बजे। कॉल क्स्हरुनेटवर्क से किए गए थे। धमकी भरे कॉल के बाद गडकरी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनके कार्यक्रम स्थलों पर भी ज्यादा सुरक्षाबल तैनात कर दिया गया है।

## तो क्या जोशीमठ के कुछ इलाके 2 फीट तक धंस गए?

### ग्राउंड सर्वे से पता चले चौंकाने वाले हालात

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के जोशीमठ शहर को लेकर हर रोज चौंकाने वालीं खबरें सामने आ रही हैं। पिछले दिनों राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अफसरों ने जोशीमठ का ग्राउंड सर्वे किया था। इस सर्वे की रिपोर्ट हैरान करने वाली है। सूत्र बता रहे हैं कि जोशीमठ के कुछ प्रभावित इलाके करीब 2.2 फीट यानी 70 सेंटीमीटर तक धंस चुके हैं। इससे पहले ढ्ढस्क्रह्र की भी एक रिपोर्ट आई थी। इसरों के नैशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर की रिपोर्ट में बताया गया था कि बीते 12 दिन में जोशीमठ की जमीन 5.4 सेंटीमीटर धंसी है। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि



जोशीमठ शहर 27 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच 5.4 सेंटीमीटर नीचे धंसा है। 12 दिनों के अंदर शहर 5.4 सेंटीमीटर नीचे चला गया। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने सरकारी संस्थानों को जोशीमठ की जमीन के बारे में डेटा शेयर करने से रोक दिया है। मीडिया के साथ बातचीत करने से भी मना किया है। इसके बाद ढ्ढस्क्रह्र ने अपनी वेबसाइट से तस्वीरें हटा लीं। एक दिन पहले ही ISRO ने कहा था कि जोशीमठ सिर्फ 12 दिनों में 5.4 सेंटीमीटर तक धंस गया।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग




## चीन ने माना, कोरोना से 30 दिन में हुई 60,000 मौत

### बदतर हालात से चिंता में दुनिया

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में कोरोना महामारी की स्थिति बिगड़ती जा रही है। पड़ोसी देश ने शुरू में आंकड़े छिपाने की कोशिश की, लेकिन दुनिया का दबाव बड़ा तो अब मौतों का आंकड़ा जारी किया है जो चौंकाने वाला है। ताजा खबर यह है कि चीन ने पिछले 30 दिन में अपने यहां 60 हजार लोगों की मौत का आंकड़ा जारी किया है।चीन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के एक अधिकारी ने शनिवार को बीजिंग में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 8 दिसंबर से 12 जनवरी के बीच 59,938 मरीजों की कोरोना से मौत हुई है। चीन में अस्पताल भरे पड़े हैं। अब नए मरीजों की भर्ती करने की स्थिति नहीं है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 60 हजार मौत तो अकेले अस्पतालों में हुई है। मतलब इस आंकड़े में घर पर मरने वाले को संख्या में शामिल नहीं है।इनमें से 5,503 मौतें श्वसन तंत्र की नाकामी के कारण हुआ है, वहीं अन्य मृतकों को कोरोना के साथ दूसरी बीमारियां भी थीं। दावा है कि मरने वाले मरीजों में से 90.1प्रतिशत 65 और उससे अधिक उम्र के थे।चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों का दावा है कि बुखार और कोरोना लक्षण के साथ अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या शहरों और ग्रामीण में कम हो रहा है ।



## ड्राइवर की बेटी ने भरी ऊंची उड़ान, इसरो में हुआ चयन

**भोपाल ईएमएस।** राजधानी से सटे विदिशा की सना अली ऊंची छलांग लगाई है। पिता का सपना था कि बेटी बड़ी होकर देश की सेवा करे। सना अली ने ड्राइवर पिता के सपने को पूरा कर दिया है। उसका चयन इसरो में हो गया है। इसके बाद परिवार में खुशी की लहर है। सना की सफलता पर पूरे प्रदेश को गर्व है। उसकी पढ़ाई के लिए माता-पिता ने गहने गिरवी रख दिए थे। इसरो में चयन के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बधाई दी।बड़ी होती सना को देखकर लोग उसके माता-पिता को शादी करवाने की सलाह देने लगे थे।सना अली अपने परिवार के साथ विदिशा के निकासा मोहल्ले में रहती है। उसके पिता साजिद अली ड्राइवर हैं। सना अली का चयन सतीश धवन स्पेस सेंटर इसरो के लिए हुआ है। वह वहां जल्द ही टेक्निकल असिस्टेंट के पद पर ज्वाइन करेगी। सना पढ़ाई में बचपन से ही तेज थी। उसने अपनी पढ़ाई एसटीआई कॉलेज से पूरी की है। सना अली ने यहां से एमटेक किया है। परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण पढ़ाई के लिए उसे काफी संघर्ष करना पड़ा है। सना के पिता साजिद अलगी एसटीआई में ड्राइवर में रहे हैं। आगे चलकर लैब असिस्टेंट बने।



## दिल्ली में दो आतंकियों की करतूत

## सिर कलम, शव के टुकड़े कर वीडियो विदेश भेजा...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस से करीब 13 दिन पहले दिल्ली में खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ। गुरुवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जिन दो संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा, उनकी करतूत जान दहल जाएंगे। दोनों ने किसी शख्स का सिर कलम किया। फिर शव के टुकड़े-टुकड़े कर डाले। पुलिस का दावा है कि आतंकियों ने हत्या से लेकर शव के टुकड़े करने तक का वीडियो बनाया। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने यह वीडियो एक ढ्ढस्ढ्ढ ऑपरेटिव समेत अपने विदेशी हैंडलर्स को भेजा। जघन्य अपराध का पता तब चला जब पुलिस ने भलस्वा डेयरी के पास से शव के टुकड़े बरामद किए। आतंकियों के मोबाइल से वीडियो भी मिला है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। एक ऑफिसर के अनुसार, मृतक के एक हाथ में त्रिशूल जैसा टैटू है, उसकी मदद से शिनाख्त की कोशिश जारी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को जहांगीरपुरी में आतंकियों के किराये वाले घर से दो हैंड ग्रेनेड्स भी मिले। दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों संदिग्धों को अदालत के सामने पेश किया। उन्हें 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है।



### वीडियो दिखाया तो आतंकियों ने कबूल लिया गुनाह

दिल्ली पुलिस ने मुखबिरी के आधार पर सर्विलांस–बेस्ड ऑपरेशन चलाया था। उसी के दौरान, ये दोनों संदिग्ध पकड़ में आए। आरोपियों की पहचान नौशाद (56) और जगजीत सिंह उर्फ याकूब (29) के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के पास से तीन पिस्टल और 22 कार्ट्रिज बरामद की हैं। पुलिस ने उनके हैंडसेट्स से डेटा रिट्रीव किया और फिर वीडियो दिखाकर पूछताछ की। संदिग्धों ने कथित रूप से अपराध कबूल लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद किया। अभी तक सिर, पैर और हाथ बरामद किए गए हैं, धड़ का पता नहीं चला है। हत्या के सिलसिले में एक अलग स्नढ्ढक्रदर्ज की गई है।

### मामले के प्रमुख किरदार कौन हैं?

नौशाद (56), दिल्ली के जहांगीरपुरी का निवासी। आतंकवादी संगठन हरकत–उल–अंसार के सदस्य नौशान को हत्या के दो मामलों में उम्रकैद की सजा हुई थी। नौशाद ने एक्सप्लोजिव ऐक्ट में 10 साल जेल की सजा भी काटी है।जगजीत सिंह उर्फ याकूब (29), उत्तराखंड के उधम सिंह नगर का निवासी। बंबीहा गैंग के सदस्य याकूब ने उत्तराखंड के एक मर्डर केस में परोल जंप किया।

# गरिमा के साथ मनाया सशस्त्र सेना भू.पू सैनिक दिवस




## 1971के युद्ध के जांबाजों को जीओसी ने किया सम्मानित

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस जबलपुर के कोबरा लॉन में 7 वां सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के सम्मान और मान्यता के प्रतीक के रूप में सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह भारतीय सेना के पहले भारतीय प्रमुख थे तथा14 जनवरी 1953 को सेना से सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर जीओसी मध्य भारत एरिया ने पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत की और पूर्व सैनिकों के समुदाय के लिए बेहतर देखभाल प्रदान करने का संकल्प लिया और1971 के भारत-पाक युद्ध के दिग्गजों को भी युद्ध के दौरान उनके योगदान के सम्मान में सम्मानित किया गया। जीओसी ने सम्मान स्वरूप सभी भूतपूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। 7वें भूतपूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर नव स्थापित एमबी एरिया बेस्ट ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक ट्रॉफी भी प्रदान की गई जिसे ईसीएचएस पीसी इलाहाबाद ने जीता। जीओसी ने बाद में ईएसएम के लिए कोबरा सीएसडी कैटीन में नव निर्मित वेटिंग लाउंज का भी उद्घाटन किया।



# मकर संक्रांति पर नर्मदा के घाटों पर उमड़े श्रद्धालु

## स्नान और दान कर लगाई आस्था की डुबकी

**जबलपुर , यशभारत।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में नर्मदा तटों पर श्रद्धालु पुण्य स्नान के लिए उमड़े। आज पुण्यकाल में सुबह से नर्मदा भक्त दर्शन के लिए काफी संख्या में आए थे। तिल संक्रांति में नर्मदा दर्शन, पूजन, दान व स्नान का विशेष महत्व है। ग्वारीघाट समेत तिलवाराघाट, लम्हेटाघाट व सरस्वतीघाट में मेले का नजारा रहा। नर्मदा तटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। यह आंकड़ा तीन से चार लाख पहुंचने का अनुमान है।पंचवटी में आसपास के ग्रामीणजनों की भीड़ रही। मुहूर्त के अनुरूप मकर संक्रांति 15 जनवरी को ही मनाई जा रही है। रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण अधिक संख्या में दर्शनार्थी नर्मदा तटों पर उमड़ रहे हैं। भीड़ देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दुकानदारों ने भी विशेष तैयारी की है। ग्वारीघाट में भर्ता गक्कड़ की विशेष व्यवस्था की गई है। स्नान के बाद भूख लगती है, ऐसे में लोग सीधे दुकानों की तरफ आते हैं। तड़के की ठंड होने के बावजूद श्रद्धालु मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान करने गौरीघाट सहित तमाम घाटों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। सुबह से ही भक्तों का तांता गौरीघाट, तिलवारा घाट, लम्हेटा घाट सहित अन्य घाटों में लगा हुआ हैं। जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भक्तगण अपने परिवार सहित घाटों में पहुंच रहे हैं। गौरी घाट में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। भक्तों का कहना है पिछले साल को बैठ के कारण तमाम प्रकार की पाबंदी थी। लेकिन इस वर्ष बिना पाबंदी के त्योहार मनाने का उत्साह अलग ही है। हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान और दान को बेहद अहम माना जाता है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं और इसके साथ ही सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन में भी जाते हैं। इसलिए ये स्नान बेहद अहम हो जाता है। स्नान के बाद खिचड़ी, तिल, वस्त्र आदि का दान किया जाता है।मकर संक्रांति के अवसर पर जबलपुर पुलिस ने भी खास तैयारियां की है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक कोरोना के दो साल बाद मकर संक्रांति स्नान हो रहा है। ऐसे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। जिले के तमाम घाटों में 6 सौ से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है।



## 51 क्विंटल खिचड़ी का विशाल भंडारा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में संपन्न

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 29 वे वर्ष में 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र जी महाराज के सानिध्य में भगवान राधा कृष्ण को प्रथम भोग लगाकर खिचड़ी का महाभोग बांटा गया । आश्रम के व्यवस्थापक एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया आज से 28 साल पहले 11 किलो खिचड़ी से चालू किया गया भंडारा जो धीरे-धीरे 51 कुंटल पर पहुंच गया आज हजारों की संख्या में गांव से लोग आए महाप्रसाद का पाया गया महाराज जी ने कहा आज के दिन तीली गुड़ खाकर आपस में मतभेद भुलाकर खुशी का दिन है इस अवसर पर शरद अग्रवाल मुन्ना बनारसी लखन बाजार दिलीप आचार्य मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक द्वारा तीन दिवसीय विशेष कैंप कल से

## विद्यार्थियों के खाते खोलने हेतु तीन दिवसीय विशेष कैंप

**जबलपुर, यशभारत।** उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर द्वारा जबलपुर संभाग के सभी जिलों के सभी 86 शासकीय महाविद्यालयो में तीन दिवसीय विषेश कैंप 16 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक कैंप लगाया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों का इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक में खाता खोला जायेगा एवं विद्यार्थियों को पेमेंट बैकिंग, डिजिटल बैकिंग, बैकिंग एण्ड फाइनेंस, वित्तीय समावेशन, बैकिंग जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्र में भुगतान बैंको की भूमिका की जानकारी प्रदान की जायेगी ।डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक ने बताया कि जबलपुर संभाग के सभी जिलों के शासकीय महाविद्यालयो में 16 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक कैंप लगाया जा रहा है। सभी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं टीपीओं अधिक से अधिक विद्यार्थियों को कैंप में सम्मिलित करें, जिससे विद्यार्थी लाभांवित हो ।प्रो. अरुण षुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना, उच्च षिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर एवं इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर के मध्य संभाग स्तरीय एमओयू किया गया है। इसी के अंतर्गत जबलपुर संभाग के सभी जिलों के शासकीय महाविद्यालयों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों के खाते खोले जायेगें जिससे विद्यार्थियों की स्कॉलरषिप विधिवत् उनके खाते में आये।

## पूरी क्षमता से करो काम, और लो ओवर टाइम

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया को सत्र22-23के लिए 33सौ करोड़का उत्पादन लक्ष्य तय किया गया था ।पुनरीक्षण के बाद उसे तीन हजार करोड़ रुपये कर दिया है ।लेकिन पिछले 9माह में सिर्फ एक हजार रुपए का ही उत्पादन हो पाया ।बचे ढाई माह में शेष उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करना चुनौती बन गया है ।लिहाजा खमरिया प्रबंधन ने सभी यूनियन एसोसिएशन के नेताओं से चर्चा कर तय समय में उत्पादन पूरा करने के लिए सहयोग मांगा है। बताया जाता है कि प्रबंधन की इस अपील पर सभी यूनियनों एसोसिएशन ने काम का समय बढ़ाने की मांग की ।इस पर प्रबंधन ने मांग स्वीकार करते हुए सभी उत्पादन अनुभागों में सोमवार से साप्ताहिक काम के घंटे 54 करने का फैसला कर आदेश जारी कर दिये हैं ।वहीं उत्पादन से जुड़े अनुभागों में साप्ताहिक कार्य दिवस51घंटे की मंजूरी दी है ।खबर है कि अनुभाग प्रमुखों ने काम बढ़ाने का ओवर टाइम देने का विरोध तो नहीं किया है ।लेकिन उन्होंने आश्वासन चाहा है कि वे समर्पित भाव से पूरे मनोयोग से सहयोग देंगे लेकिन पूर्व की भांति सिर्फ उन्हें जिम्मेदार न ठहराया जाए ।मालूम हो कि पिछली बार उत्पादन का लाट फेल होने पर दो कनिष्ठ कार्य प्रबंधकों को निलंबित कर दिया गया है ।जिनका अभी तक निलंबन रद्द नहीं किया गया है ।इसे लेकर जेडब्लूएम चिंतित हैं कि उन्हें नियमानुसार आर्थिक फायदा तो कुछ नहीं होगा ।जिम्मेदारी भी बढ़ जायेगी लिहाजा ऐसे मामले में पूरी पारदर्शिता रखे ।पता चला है कि प्रबंधन ने उन्हें भी आश्वस्त किया है कि उनके योगदान को नकारा नहीं जायेगा।

# खेलों के माध्यम से स्वयं को फिट रखने के साथ ही समाज को फिट रखा जा सकता है : श्री प्रसाद महानकर

## सांसद खेल महोत्सव के चौथे दिन 34 सौ बच्चो ने 5 किमी लंबी साइकिल मैराथन में लिया भाग





**जबलपुर, यशभारत।** सांसद खेल महोत्सव के चौथे दिन रानीताल स्टेडियम से साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें शहर के लगभग 34 सौ बच्चो में भाग लेकर साइकिल चलाई। उल्लेखनीय है कि सांसद राकेश सिंह द्वारा 12 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में प्रतिदिन अलग अलग खेलो का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में रविवार को क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रसाद महानकर के मुख्य आतिथ्य में रानीताल स्टेडियम से साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें साँसद राकेश सिंह सहित अतिथियों ने भी बच्चों के साथ साइकिल चलाई।क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रसाद महानकर ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा खेलों के माध्यम से स्वयं को फिट रखने के साथ ही समाज को फिट रखा जा सकता है और जबलपुर संसदीय क्षेत्र में श्री राकेश सिंह द्वारा जिस तरह से खेल महोत्सव आयोजन किया गया है उससे निश्चित रूप से युवाओं में खेल भावना जाग्रत होगी और युवा खेल के माध्यम से समाज को आगे ले जाने का कार्य करेंगे।उन्होंने कहा सांसद खेल महोत्सव में जिस तरह के खेलों का समावेश किया गया है यह कर पाना कठिन बात है क्योंकि आधुनिकता के इस दौर में परंपरागत खेलों को बढ़ावा देना यह संदेश देता है कि हम अपने शारीरिक और मानसिक विकास को कैसे नियोजित कर सकें मैं जबलपुर के सांसद श्री राकेश सिंह को साधुवाद देते हुए यह कहना चाहता हूं कि इस तरह की खेलो को मन में लेकर उनकी व्यवस्था करना, फिर उनका नियोजन करना और उसे धरातल पर उतारना बहुत ही कठिन बात है मगर जबलपुर के सांसद श्री राकेश सिंह जी ने यह काम बखूबी किया है जिससे जबलपुर की प्रतिभा का विस्तार होगा इस तरह के आयोजन स्वामी विवेकानंद जी के संदेश को, सुभाष बाबू के संदेश को युवाओं तक पहुंचाने का काम करते हैं क्योंकि दोनों महापुरुष ने युवाओं को अत्यधिक प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया है उनके विचारों को आत्मसात करके देश के युवाओं ने सफलता हासिल की है। श्री माहनकर ने कहा कि खिलाड़ी के जीवन की सफलता तब होती है जब सार्थक प्रयास कर, मेहनत हासिल करे और समाज में प्रेरणा देकर समाज को आगे बड़ाने का काम करे ।खेलों के महत्व को समझकर युवाओं इस तरह के आयोजन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से समाज और देश में सम्मान प्राप्त किया जा सकता है साइकिल मैराथन रानीताल स्टेडियम से प्रारंभ होकर रानीताल चौक, गोलबाजार, मालवीय चौक, करमचंद चौक, नौदरा ब्रिज, तीन पत्ती, राइट टॉउन होते हुए पुनः रानीताल स्टेडियम में समाप्त हुई जहाँ साइकिल मैराथन में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

**हार जीत महत्वपूर्ण नही है खेलना महत्वपूर्ण है** - अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी बबिता फोगाट भी इस कार्यक्रम में शामिल होने वाली थी किन्तु मौसम की खराबी की वजह से उनका आगमन नही हो पाया और उन्होंने मोबाईल से ही सभी को संबोधित किया। बबिता फोगाट ने मोबाईल से संबोधित करते हुए कहा खेलों में शामिल होना और खेल खेलना सबसे महत्वपूर्ण होता है इसमे हार जीत महत्वपूर्ण नही होती क्योंकि हर खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करता पर किसी को जीतना तो किसी को हारना होता है। उन्होंने कहा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से फिट इंडिया मूवमेंट में शामिल होने का आह्वान किया है और उसी उद्देश्य को लेकर सांसद श्री राकेश सिंह ने इतना बढ़िया आयोजन सांसद खेल महोत्सव का किया है। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधि एवँ पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।



## शरद यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**जबलपुर, यशभारत।** देश की राजनीति के वरिष्ठ नेता एनडीए के पूर्व संयोजक स्वर्गीय शरद यादव के निधन पर धनवंतरी नगर चौराहे पर रानी अवंती बाई की प्रतिमा के समीप विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अभिलाष पांडे ने कहा की शरद जी ने जबलपुर संस्कारधानी को रेलवे जोन जैसी महत्त्वपूर्ण सौगातें दी हैं जिनको कभी भुलाया नहीं जा सकता । इस मौके पर महाराणा प्रताप वार्ड पार्षद जीतू कटारे,सर्वेश सक्सेना संदीप पटेल आशीष रिछारिया हेमन्त रैकवार ,सन्तोष चक्रवर्ती ,मोनू सरकार, धीरज लालू तिवारी ,दिनेश पटेल बेड़ी चक्रवर्ती ,अंकित दुबे खेलन प्रजापति सुभाष पारासर आलोक गुमास्ता गोलू सेन मोहन प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सगड़ा आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को बांटे गये पौष्टिक लड्डू, पतंग और चिक्की

**जबलपुर, यशभारत।** एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक तीन के अंतर्गत सगड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-76 के बच्चों के साथ वृंदा फाउंडेशन द्वारा आज मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पौष्टिक लड्डू, तिल गुड़ की चिक्की और रंग-बिरंगी पतंगों का वितरण किया गया। इस अवसर पर परियोजना का स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा वृंदा फाउंडेशन से शिवानी पांडे, दुर्गा पांडे, विजय सोलंकी, विकी मार्वे आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी कार्यक्रम के तहत इस आंगनवाड़ी केंद्र को वृंदा फाउंडेशन द्वारा गोद लिया गया है।



## सांसद खेल महोत्सव :रोड रेस आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कैंट विधानसभा क्षेत्र एवं जिला एथलेटिक संघ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत श्री साई मंदिर सिविल लाइन जबलपुर से 18 वर्ष से कम एवं 18 वर्ष से अधिक बालक एवं बालिकाओं की चार ग्रुप में 3 एवं 5 किलोमीटर की रोड रेस का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला एथलेटिक संघ के पदाधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन की उचित व्यवस्था के कारण उक्त प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संचालित किया गया संघ की ओर से अध्यक्ष शरद अग्निहोत्री सचिव अजीत कनौजिया , नवनीत , सुरेश यादव ,अनिल यादव ,श्रीमती अर्चना, मौसम पासी ,पार्षद श्याम कनौजिया, शेख मुनीर खान ,ओमकार दुबे स्पोर्ट्स ऑफिसर साइंस कॉलेज जबलपुर ,की गरिमामई उपस्थिति सभी विजेता खिलाड़ियों को मेरिट प्रमाण पत्र टी-शर्ट मेडल एवं पार्टिसिपेशन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# जीआरसी में पसीना बहा रहे युवा अग्निवीर

**जबलपुर, यशभारत।** ग्रेनेडियर्स रेजिमेन्टल सेंटर में युवा अग्निवीर पसीना बहा रहे हैं। बेसिक ट्रेनिंग के तहत युवाओं को दौड़ लगवाई जा रही है। उनको परेड की ट्रेनिंग दी जा रही है। उनको तकनीकि रूप से भी मजबूत किया जा रहा है। ब्रिगेडियर राजीव चावला के नेतृत्व में यहां प्रशिक्षण टीम युवा अग्निवीरों को एक अनुशासित सैनिक के रूप में ढालने में लगी है। ऐसा करने के लिए ग्रेनेडियर्स रेजिमेन्टल सेन्टर ने एक निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली तैयार की है। इसके साथ ही उच्च तकनीक वाले ट्रेनिंग शेड, नई तकनीक और नवीनतम तकनीकों वाले उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। तीन दिन पहले ही मीडियापर्सन को जैक और 1-एसटीसी में अग्निवीरों के प्रशिक्षण का अवलोकन कराया जा चुका था। इसलिए मीडिया में जल्द ऐसी किसी कवरेज को लेकर उत्सुकता नहीं रही। क्योंकि पहली कवरेज में ही मीडिया को पर्याप्त जानकारियां हासिल हो चुकी थीं। डीजी लेफ्टिनेंट जनरल एके सामंत्रा की विजिट के कवरेज में मीडिया को कुछ नया दिखा इसलिए मीडिया के लोग पहुंच भी गए। लेकिन वहां पहुंचने के बाद जब काफी देर तक डीजी मीडिया के सामने नहीं आए तो यह कह दिया गया कि इस बारे में मुख्यालय से अनुमति नहीं ली गई थी, इसलिए वो वापस लखनऊ के लिए रवाना हो चुके हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब अनुमति नहीं ली गई थी तो कार्यक्रम कैसे तय कर दिया गया?



## प्रत्येक अग्निवीर में कुछ खास की तलाश

प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक अग्निवीर के लिए एक कौशल और एक खेल की अवधारणा को अपनाया है, जिसमें यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक अग्निवीर को अधिक समय मिले, ताकि प्रशिक्षण के दौरान वह कम से कम एक खेल व एक कौशल का विकास कर सके। लगभग 31 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अग्निवीरों को ग्रेनेडियर्स रेजिमेन्ट की अलग-अलग बटालियनों में तैनात किया जाएगा। दरअसल, ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेंटर में डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल एके सामंत्रा का आगमन हुआ। उनको जीआरसी का भ्रमण करना था।तय समय पर मीडिया कर्मी भी जीआरसी पहुंच गए। लेकिन ऐन वक्त पर उनको पता चला कि डीजी उसके साथ विजिट नहीं करेंगे। इसके बाद मीडिया को अग्निवीरों के प्रशिक्षण का मुआयना कराकर विदा कर दिया गया।

# तालाबों के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण, काटी कॉलोनी

## भवन व गोदाम बन गए

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के ऐतिहासिक तालाब सिमटते जा रहे हैं। कुछ तालाबों में तो आवाजाही के लिए भी जगह नहीं बची है। लगातार हो रहा अतिक्रमण तालाबों का कैचमेंट एरिया लील रहा है। 12 साल पहले जिला प्रशासन ने तालाबों का सर्वे और सीमांकन कराया था। रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी कि 52 तालाब और 84 तलैया में से 36 तालाब ही बचे हैं। लेकिन इतने सालों में प्रशासन बचे हुए तालाबों की सीमा भी सुरक्षित नहीं कर सका। हालत यह है कि बचे हुए तालाबों में से पांच से ज्यादा के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। शहर के तालाबों को अतिक्रमणकारियों की नजर लग गई है। गंगा सागर, सूरजताल, बाल सागर, बघा ताल में लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है। मुख्य सड़कों से लगे तालाबों से लेकर कॉलोनियों में बने तालाबों में भी लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है। जबलपुर कलेक्टर रहे गुलशन बामरा की पहल पर नगर में शेष बचे 36 तालाबों का सर्वे किया था, इसके बाद प्रशासन इन तालाबों का सीमांकन भी कराया था। लेकिन बाद में तालाबों को सुरक्षित व संरक्षित करने प्रशासन की ओर से प्रयास नहीं किए गए।



**सर्वे, सीमांकन के 12 साल में सीमा भी सुरक्षित नहीं कर सका प्रशासन**

### बाल सागर तालाब में बस रही है कॉलोनी

नगर के सबसे बड़े तालाबों में शामिल रहे बाल सागर में शास्त्री नगर छोर से लगातार कॉलोनी बस रही हैं। पूर्व में जब मेडिकल यूनिवर्सिटी को बाल सागर से लगी जमीन आवंटित करना तय हुआ था तो इस तालाब के सौंदर्यीकरण की भी प्लानिंग बनी थी। लेकिन बाद में मेडिकल यूनिवर्सिटी को डॉक्टर्स कॉलोनी से लगी जमीन आवंटित कर दी गई और बाल सागर तालाब को अपने हाल पर छोड़ दिया गया। इस तालाब में शास्त्री नगर छोर पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है।

### कभी बाघ पीने आते थे पानी

गढ़ा क्षेत्र में स्थित बघा तालाब को लेकर वरिष्ठजन बताते हैं की वर्ष 1950-55 के आसपास तक इस तालाब में बाघ पानी पीने आते थे। जिसके कारण इस तालाब को बघा तालाब के रूप में पहचान मिली। गढ़ा बाजार से देवताल मार्ग पर स्थित इस तालाब को लगातार पूरा जा रहा है। पिछले सालों में इस तालाब की जमीन पर कई भवनों का निर्माण हो गया है।

# विभिन्न समितियों में किया सदस्यों का मनोनयन

### एआईएएनजीओ खमरिया ब्रांच ने सौंपी जिम्मेदारी

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस अखिल भारतीय राजपत्रित संघ (एआईएएनजीओ) खमरिया शाखा की ऑफिस बेयर्र्स बैठक संपन्न हुई।जिसमें ब्रांच चेयरमैन सत्येंद्र सिंह सचिव अजय यादव एवं जोनल चेयरमैन अजय चौहान के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डीसी पांडे एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में चर्चा के बाद संजय परदेसी को हॉस्पिटल कमेटी शकील खान को सेंट्रल सेफ्टी कमेटी एवं सुधीर जाटव को वेलफेयर कमेटी के लिए सर्वसम्मति से नामित किया गया। इस इस अवसर पर अरुण गर्ग बीएल चौधरी सुधीर श्रीवास्तव देवेंद्र श्रीवास देवजी चटर्जी जयशंकर सिंह संदीप मुदलियार प्रमोद कुमार माधव सिंह अशोक सिंहअमित श्रीवास्तव प्रियरंजन विमल सिंह अशोक सिंह अशोक पटेल जयशंकर सिंह ने नए चयनित कमेटी सदस्यों को बधाइयां देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# जबलपुर वेटरनरी देश का तीसरा कॉलेज जहां सीटी स्कैन मशीन की सुविधा, अभी चैन्नई तमिलनाडू और राजस्थान के पास थी





जबलपुर, यशभारत। नानाजी देशमुख कॉलेज को बड़ी सौगात मिली है। देश के चैन्नई, तमिलनायडू और राजस्थान के बाद अब जबलपुर के वेटरनरी कॉलेज में सीटी स्केन मशीन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसका शुभारंभ शनिवार को मध्य प्रदेश जन परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जितेंद्र जामदार एवं प्रख्यात शिक्षाविद पूर्व अधिष्ठाता डॉ अमरीष कुमार एवं परियोजना के सूत्रधार डॉक्टर वी पी चनपुरिया की उपस्थिति में हुआ।

कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी ने बताया कि सीटी स्कैन का उद्घाटन किया गया। डॉ जितेंद्र जामदार द्वारा यह बताया गया जबलपुर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मूक पशुओं की बीमारी की जांच में सीटी स्कैन बहुत सहायक होगी। आदिकाल में बाल्मीकि ने भगवान राम से कहा था कि मूक प्राणियों की सेवा ही परम धर्म है डॉक्टर जामदार ने स्वयं भी 3 शवानो की सफलतापूर्वक आर्थोपेडिक सर्जरी की है एवं उनका इस महाविद्यालय से पुराना नाता है। डॉक्टर अमरीश कुमार ने कहा यह भारत का तीसरा वेटरनरी कॉलेज है जहां सीटी मशीन लगाई गई। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल के सदस्य डॉक्टर एसपी शुक्ला एवं डॉक्टर सुधीर यादव द्वारा इस मशीन के शुभारंभ की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इस कार्यक्रम में डीन कॉलेज डा आर के शर्मा, विभागअध्यक्ष डॉक्टर अपरा शाही, डॉक्टर आदित्य मिश्रा, डॉक्टर सुनील नायक डॉ शोभा जावरे डॉक्टर देवेंद्र गुप्ता एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बबीता दास एवं आभार प्रदर्शन डॉ रणधीर सिंह द्वारा किया गया।

### बहुत बड़ी उपलब्धि एक नई दिशा मिलेगी

वेटरनरी कॉलेज में सिटी स्केन मशीन का शुभारंभ हुआ है। यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे एक नई दिशा मिलेगा। मशीन लगने से मूक पशुओं की गंभीर बीमारियों के बारे में आसानी से पता चल सकेगा साथ ही उनका इलाज भी बेहतर ढंग से हो सकेगा।

**डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति वेटरनरी**

# 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से

### संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों की कराई जाएगी वीडियोग्राफी

**जबलपुर, यशभारत।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू होगी। इसके लिए मंडल ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेशभर में तीन हजार 800 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण पर रोकथाम के लिए संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इस संबंध में माशिमं ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें भोपाल जिले के 106 परीक्षा केंद्र भी शामिल हैं। दोनों परीक्षाओं में इस साल करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसलिए संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ता टीमों के अलावा पर्यवेक्षकों की भी नजर रहेगी। पर्यवेक्षक टीम में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। इसी के साथ गणित, अंग्रेजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री के पेपर में परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रदेश भर में बनाए जाने वाले करीब 3800 परीक्षा केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बनने वाली कमेटी करेगी। मंडल ने सभी कलेक्टरों को 10 फरवरी तक यह नियुक्तियां करने के आदेश जारी किए हैं। MPBSE E&am 2023 - वेबसाइट पर 20 विषयों के आदर्श प्रश्नपत्र अपलोड किए माशिमं की वेबसाइट पर 10वीं व 12वीं के सभी विषयों के आदर्श प्रश्नपत्र अपलोड किए जा रहे हैं। इसमें 12वीं के 20 विषयों का आदर्श प्रश्नपत्र अपलोड कर दिया गया है। 80 अंक के प्रश्नपत्र को अपलोड किया गया है। इस प्रश्नपत्र से स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रश्न पत्रों के पैटर्न पर तैयारी कराई जा सकती है।

### मोबाइल चोरी होने पर वबाल

# बेटे, माता-पिता पर लोहे के पाइप, ईंट से हमला कर किया लहूलुहान, तोड़फोड़



**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर में मोबाइल चोरी की बात को लेकर आरोपी एक राय होकर पहले तो पीड़ित के घर में घुसकर जमकर गालीगलौच की और फिर बेटे और माता-पिता पर लोहे के पाइप और ईंट से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि अमन शर्मा 22 वर्ष निवासी रीवा कालोनी रामपुर ने बताया कि जोगनी माता मंदिर के सामने चायनीज की दुकान लगाता है। देर रात वह दुकान बंद कर घर आकर खाना खा रहा था तभी निखिल ठाकुर अमन ठाकुर, भानू प्रताप ठाकुर, लालू ठाकुर आये और मोबाइल चोरी के पुरानी बुराई को लेकर गाली गलौज करने लगे, उसने बाहर निकलकर गालियां देने से मना किया तो सभी गेट के अंदर घुस आए और लोहे के पाईप से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। उसके पापा बीच बचाव करने लगे तो ईंट से हमलाकर पापा मां पर हमला कर घायल कर दिया और घर के अंदर घुसकर घर का सामान तोड़फोड़ कर दी।

# रांझी में स्कूल के पास चल रहा जुआफड़

## 8 जुआड़ियों से 12 हजार रुपये जब्त



**जबलपुर, यशभारत।** रांझी की नई बस्ती में देर रात पुलिस ने जुआफड़ पर दबिश देते हुए, घेराबंदी करते हुए 8 जुआड़ियों को दबोचकर 12 हजार 800 रूपये जब्त कर लिए। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि प्रभात स्कूल झण्डा चौक राधाकृष्ण मंदिर के सामने जुआफड़ संचालित है। जिसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर घेराबंदी कर भीम सेन, मनोज रजक दोनों निवासी प्रभात स्कूल के सामने रांझी, रामनारायण उर्फ पप्पू चौबे निवासी नई बस्ती, मनीष ठाकुर निवासी खेरमाई मोहल्ला कंचनपुर अधारताल, उमेश पटेल निवासी नई बस्ती, आशीष कश्यप निवासी सुभाषनगर नई बस्ती, दशरथ कश्यप निवासी नई बस्ती, नरेन्द्र सिंह कश्यप निवासी नई बस्ती रांझी को दबोचकर 12 हजार 800 रूपये जब्त करते हुये कार्यवाही की गई।

# वात्री साहू समाज ट्रस्ट चुनाव कार्यक्रम घोषित

**जबलपुर, यशभारत।** वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मन्दिर ट्रस्ट जबलपुर के रिसीवर एवं तहसीलदार जबलपुर के निर्देशानुसार ट्रस्ट के 12 सदस्यों का चुनाव कार्यक्रम समाज के प्रमुख जनो की बैठक में सभी के सहमति से तय किया गया। वात्री साहू समाज ट्रस्ट के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 16 जनवरी से 24 जनवरी 2023 तक साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर सदस्यता फार्म भरा जाएगा। इसके बाद 27 जनवरी से 30 जनवरी तक मतदाता सूची तैयार की जाएगी। 31 जनवरी एवँ 1 फरवरी को चुनाव ल?ने वाले अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर सकते है और 5 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक नामांकन भर सकते है। स्क्रूटनी एवँ नाम वापसी के बाद चुनाव ल?ने वाले अभ्यर्थियों के नाम घोषित किये जायेंगे।ट्रस्ट के 12 सदस्यों का चुनाव 12 फरवरी 2023 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा, इसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किये जायेंगे। चुनाव में केवल वात्री साहू समाज के वही सदस्य भाग ले सकते है जिन्होंने सदस्यता फार्म भरा है।

# 18 फरवरी को महाशिवरात्रि बन रहा अत्यंत दुर्लभ संयोग



जबलपुर, यशभारत। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का महत्व बहुत अधिक माना जाता है, क्योंकि शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ था। इस दिन सभी शिव भक्त व्रत रखते हैं और भोलेनाथ की उपासना करते हैं व अभिषेक कर विधि-विधान से पूजा करते हैं। अरुणोदय पंचांग के अनुसार, साल 2023 में महाशिवरात्रि का पर्व 18 फरवरी, शनिवार के दिन मनाया जाएगा।

### महाशिवरात्रि पूजा विधि

- महाशिवरात्रि के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें। इसके बाद साफ कपड़े पहनकर भगवान के सामने हाथ जोड़कर महाशिवरात्रि व्रत का संकल्प लें।
- बेलपत्र, फूल, दीप और अक्षत से भगवान शिव की पूजा करें। फिर उन्हें फल और मिठाई का भोग लगाएं।
- शिवलिंग में चंदन के लेप लगाकर पंचामृत से स्नान कराना चाहिए। इसके बाद 'ऊँ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करना चाहिए।
- शिव पूजा के बाद गोबर के उपलों की अग्नि जलाकर तिल, चावल और घी की मिश्रित आहुति देनी चाहिए।
- इसके बाद आखिरी में व्यक्ति व्रत को पूरा करने के बाद ब्राह्मणों को खाना खिलाकर और दीपदान करें।

### महाशिवरात्रि का शुभ मुहूर्त


ज्योतिषाचार्य पं. लोकश व्यास ने बताया कि फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि, 17 फरवरी की रात 8 बजकर 2 मिनट से शुरू होगी और 18 फरवरी की शाम 4 बजकर 18 मिनट तक रहेगी।

**निशीथ काल पूजा मुहूर्त** - 19 फरवरी को तड़के 12 बजकर 16 मिनट से 1 बजकर 6 मिनट तक
**महाशिवरात्रि पारण मुहूर्त** - 19 फरवरी को सुबह 6 बजकर 57 मिनट से दोपहर 3 बजकर 33 मिनट तक।

### महाशिवरात्रि पर बन रहा बेहद दुर्लभ संयोग


ज्योतिषाचार्य के अनुसार, इस बार महाशिवरात्रि शनिवार के दिन पड़ रही है। जो कि बहुत ही शुभ मानी जा रही है। पंडित जी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर पुत्र प्राप्ति का दुर्लभ संयोग बन रहा है। क्योंकि महाशिवरात्रि के साथ ही शनि प्रदोष भी पड़ रहा है और शनि प्रदोष व्रत विशेषकर पुत्र प्राप्ति के लिए किया जाता है। वहीं मान्यताओं के अनुसार शनि प्रदोष व्रत रखने से भोलेनाथ प्रसन्न होकर पुत्र प्राप्ति का वरदान देते हैं।

### श्री ज्ञानेश मोहन तिवारी का निधन



**जबलपुर।** 1225, गंगासागर इंदिरा गांधी वार्ड निवासी श्री ज्ञानेश मोहन तिवारी (लल्ला भैया) का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व हरनारायण तिवारी के पुत्र श्रीमती कुसुम तिवारी के पति, तनुज, मनोज, पंकज, निधि के पिता और सुरभि तिवारी के ससुर थे। अंत्येष्टि गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में हुई।

### मदनलाल यादव का निधन



**जबलपुर।** महुआखेरा निवासी मदनलाल यादव का आज निधन हो गया है वे प्रभात यादव व प्रशांत यादव, प्रदीप यादव के पिताजी थे। अंतिम संस्कार अमखेरा मुक्तिधाम में किया गया।

### कर्मचारी नेता श्याम भट्ट को पत्नी शोक



**जबलपुर।** 890 गढ़ा निवासी पूर्व कर्मचारी एवं कर्मचारी नेता श्याम भट्ट की पत्नी श्रीमती कमल भट्ट का निधन 14 जनवरी को 77 वर्ष की आयु में हो गया है, अंतिम संस्कार चौहानी मुक्तिधाम में किया गया।

# सूफी गजल ईश्वर से मिलाने का एक माध्यम : कन्हैयालाल ताम्रकार

**जबलपुर,यशभारत।** गजल सिर्फ माशूका तक सीमित नहीं है, क्योंकि अब गजल आजाद हो गई है, जो अब अपने नए फार्मेट में सबके सामने आ रही है। गजल दिल को सुकू देती है और यह अध्यात्म की ऊँचाई तक ले जाती है। गजल आत्मा को परमात्मा से मिलाती है यह बातें सूफी गजल में आती है। सूफी गजल बहुत ही उत्कृष्ट विधा है, जो ईश्वर से मिलाने का माध्यम है।ज्ज उक्त उद्गार नगर के सुप्रसिद्ध 88वर्षीय शायर श्री कन्हैयालाल ताम्रकार की नवरचित कृति च्च्और फिर दीवानगीज्ज के विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर श्री कन्हैयालाल ताम्रकार ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ भी वीणापाणी के पूजन से हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष भोपाल से पधारे साहित्यकार, गजल कार एवं उपन्यासकार श्री चन्द्रमान राही ने कहा गजल वही अच्छी होगी जिसमें असर और मौलिकता हो, जिसमें पढ़ने वाले समझें कि यह उन्हीं के दिल की बातों का वर्णन हो रहा है। इस मसमले में च्च्और फिर दीवानगी सफल है। देश के प्रसिद्ध शायर इरफान झांस्वी ने कहा कि कन्हैयालाल तामकार की ग़ज़लों में रूहानी ताकत है। प्रसिद्ध शायर बाबू निजामी ने कहा कि च्च्और फिर दीवानगी की ग़ज़लें खुदा से नजदीकियां बढ़ाती है।



इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गंगाचरण मिश्र, डॉ. शिवकुमार ठाकुर ने भी अपने वक्तव्य रखे। कार्यक्रम का यशस्वी संचालन शरफ ओहाब ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. विजय तिवारी किसलय ने किया। कार्यक्रम में संस्कारधानी के विजय तिवारी चकिसलय, शरफ ओहाब, राजीव गुप्ता, डॉ. शिवकुमार ठाकुर, ध्रुव गुप्ता, कमलकांत ताम्रकार, रमेश गुप्ता, रमाकांत ताम्रकार आदि अनेक कलमकार उपस्थित हुए। देर रात्रि तक उपस्थित जनों ने कन्हैयालाल ताम्रकार की कलमों का लुत्फ उठाया।

# थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल में जबलपुर पैंथर्स विजयी

**जबलपुर यशभारत।** सेठी नगर, रामपुर स्थित युवा भुवन के इनडोर वास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जबलपुर पैंथर्स की टीम ने ए स्टार्स बायसन को रोमांचक मुकाबले में 13- 11 अंकों से पराजित किया। अन्य लीग मैचों में डीसीसी लायन्स ने जबलपुर शॉकंस को 21-13, कांति रुपम ने बेंगलोर हरिकेन्स को 15-12. इनफिनिटी एक्स ने मुंबई बिजाई को 18-13, खालमा टाइगर्स ने एनबीएसएफ सिंघम को 21-17, कांति रूपम ने इनफिनिटी एक्स को 11-09, खालसा टाइगर्स ने डीसीसी लायन्स को 17-16, ए-स्टार्स बायसन ने जबलपुर शार्कस को 20-09, बेंगलोर हरिकेन्स ने एनबीएमएफ सिंघम ब्वॉयज को 21-12 और जबलपुर पैंथर्स ने मुंबई बिजाई को 16-10 अंकों से पराजित किया। 15 दिसंबर को अंतिम दौर के लीग मुकाबले खेले जाएंगे।



रोजगार प्रशिक्षण
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689



## मप्र में ठंड और कोहरे की वापसी

# भोपाल में दिन और रात का तापमान लुढ़का

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर से ठंड की वापसी हो गई है। भोपाल में शनिवार को तापमान में तेजी से गिरावट आई है। ठंड से थोड़ी राहत के बाद एक बार फिर शहर और राज्य में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दी है। मौसम विभाग भोपाल के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कोई सिस्टम नहीं है। 18 जनवरी तक तापमान में गिरावट आएगी, जिसके बाद पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा। इसके बाद रात के तापमान में वृद्धि होगी। वहीं, तापमान में गिरावट के बाद कनकनी बढ़ गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले एक दो-दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा।

भोपाल में शनिवार को दिन का तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम रहा है। रविवार को भोपाल में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। वहीं, शहर में रात का तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। शहर में हवा की दिशा उत्तर पश्चिमी थी और औसत हवा की गति 10 किमी प्रति घंटा थी। राज्य में सबसे कम तापमान भोपाल, धार और रायसेन में आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राज्य के कुछ स्थानों पर कोहरा छाया रहा है। ग्वालियर में दृश्यता शून्य हो गई थी। दतिया और शिवपुरी में यह 200 और 500 मीटर के बीच था। वहीं, गुना और खजुराहो में यह 1000 मीटर था। भोपाल मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने कहा कि रविवार को मौसम साफ रहेगा। इसके साथ ही मौसम शुष्क बना रहेगा। आज दिन में 23 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहेगा। साथ ही हवा की औसत गति 16 किमी प्रति घंटा होगा। प्रदेश के पूर्वानुमान में मौसम विभाग के अधिकारियों ने चंबल और ग्वालियर संभाग सहित अन्य स्थानों पर घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में मध्यम से घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। राज्य के अन्य स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा।

# जी-20 की दो दिवसीय बैठक भोपाल में 16 जनवरी से

## 22 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे

**भोपाल ,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता का सुअवसर मिला है। इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश में भी बैठकें हो रही हैं। इस क्रम में भोपाल में 16 और 17 जनवरी को हो रही दो दिनी बैठक महत्वपूर्ण है। इसमें 22 देशों के 94 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। अतिथियों के समक्ष प्रदेश की लोक संस्कृति, व्यंजन, आतिथ्य परंपरा के साथ ही शहर की स्वच्छता की झलक भी प्रस्तुत की जाए।**

मुख्यमंत्री शनिवार मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में इस बैठक से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक से जुड़ी तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। जी-20 की अध्यक्षता भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के साथ कर रहा है। ऐसे समय में जब दुनिया उथल-पुथल से गुजर रही है, भारत की अध्यक्षता करना और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के संदेश का प्रचार करना दुनिया के लिए गर्व की बात है। चौहान ने कहा कि बैठक में मध्य प्रदेश के ओडीओपी उत्पाद, कोदो-कुटकी जैसे उत्पादों से बने पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी प्रदर्शनी और साहित्य के माध्यम से प्रदान की जाए। भारतीय व्यंजनों का स्वाद भी अतिथियों को मिले, इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। मध्य प्रदेश के पर्यटन, वन्य जीवन, पुरावैभव और सुशासन सहित अन्य क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियों की जानकारी भी प्रतिभागियों तक पहुंचाई जाए। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि दो दिवसीय बैठक से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अन्य राज्यों से लगभग 100 और मध्य प्रदेश के 100 अतिथि मिलाकर कुल 300 अतिथियों की भागीदारी रहेगी। जी-20 के अंतर्गत थिंग -20 की इस बैठक की थीम च्पर्यावरण सम्मत जीवन शैली-नैतिक मूल्य तथा सुमंगलमय युक्त वैश्विक सुशासनज्ज रखी गई है। बैठक में शामिल हो रहे अन्य देशों के अतिथियों में सर्वाधिक अमेरिका के अतिथि शामिल हैं। यूके, ब्राजील, इंडोनेशिया, जर्मनी, फ्रांस, चीन, कनाडा, इटली, अर्जेन्टीना, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्कीय और मेक्सिको के अतिथियों के साथ दक्षिण एशिया के देशों बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के प्रतिनिधि और यूएनडीपी, यूनिसेफ एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के 22 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।



### बीएचईएल से ग्राम ढकना चपना और सांची तक जगह-जगह होगा स्वागत

बैठक में जानकारी दी गई कि जी-20 की दो दिवसीय बैठक में आ रहे प्रतिनिधियों के रहवास, परिवहन, खान-पान और सत्कार संबंधी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। अतिथियों को भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण करवाया जाएगा। अतिथि रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल सांची भी जाएंगे। सांची के बौद्ध स्तूप पर जी-20 के लोगो का प्रदर्शन विशेष विद्युत सज्जा के माध्यम से किया गया है। भोपाल से सांची जाने के लिए अतिथि बीएचईएल, आनंद नगर, रायसेन के ऐतिहासिक किले के पास के मार्ग से निकलेंगे। पगनेश्वर सलामतपुर तिराहा, ढकना चपना होते हुए वे सांची पहुंचेंगे। इस मार्ग पर हजारों वर्ष पुराने चित्रित शैलाश्रय भी हैं। इस मार्ग पर जन सामान्य द्वारा अतिथियों का स्वागत भी किया जाएगा।

# सागर में अब डॉगी मालिकों को देना होगा टैक्स

**भोपाल,यशभारत।** एमपी के सागर जिले में कुत्ता पालना अब महंगा साबित हो सकता है। कुत्ते मालिकों को अपने जानवरों से प्यार के लिए टैक्स देना होगा। यदि यह कानून के रूप में आ जाता है तो मध्यप्रदेश में पहला होगा। सागर नगर निगम के चालीस पार्षदों ने शहर में सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए कुत्ते के मालिकों पर सर्वसम्मति से टैक्स लगाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय उनकी आम बैठक में हुई है। सूत्रों का कहना है कि टैक्स सभी पालतू जानवरों के लिए नहीं है, बल्कि केवल कुत्तों के लिए है।कानून बनाने के लिए



अधिकारी कानूनी विशेषज्ञों के साथ परामर्श कर रहे हैं, जो अप्रैल तक लागू होने की संभावना है, जब नए फाइनेंसियल ईयर की शुरुआत होगी। एमपी में ऐसा टैक्स लगाने वाला सागर पहला जिला होगा। दिल्ली, प्रयागराज और देश के कुछ अन्य शहर में पेट पर टैक्स लगते हैं।

सागर नगर निगम के कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि यह निर्णय शहर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे के कारण लिया गया है। खासकर कुत्तों की बीट से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी हो रही है। उन्होंने कहा कि सागर के सभी नगरपालिका वार्डों ने सर्वसम्मति से सख्त पंजीकरण, कुत्तों के टीकाकरण और पालतू कुत्ते रखने वालों पर कर लगाने का फैसला लिया है। वहीं, इसके बाद कुत्ते के मालिक नाराज हैं और कुछ इस टैक्स को हास्यास्पद बता रहे हैं। अन्य लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन कुत्तों के लिए विशेष सुविधाएं बनाने के लिए पैसे का उपयोग करता है।

## फारेंसिक सैंपलों की जांच की गति बढ़ेगी, वैज्ञानिक अधिकारी के 44 पदों पर भर्ती शुरू

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश की विभिन्न फारेंसिक लैब में जांच के लिए लंबित 42 हजार सैंपलों के परीक्षण में तेजी आने की उम्मीद है। शासन ने वैज्ञानिक (साइंटिफिक) अधिकारी के 44 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी थी, प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अलावा पिछले माह ही 30 और पदों को भरने की स्वीकृति मिल गई है। इसी तरह लैब टेक्नीशियन और लैब सहायक मिलाकर 46 पदों पर भर्ती शुरू की गई है। अभी लैब टेक्नीशियन और लैब सहायक के 188 पदों में से 58 ही कार्यरत हैं। वैज्ञानिक अधिकारियों के 284 पदों में से 117 कार्यरत हैं। अभी सागर, भोपाल, ग्वालियर और इंदौर में लैब हैं, जहां हर माह तीन हजार 200 सैंपलों की जांच हो पा रही है।इसकी बड़ी वजह यही है कि जांच करने के लिए जरूरत के मुताबिक वैज्ञानिक अधिकारी, लैब टेक्नीशियन और लैब सहायक नहीं हैं। सबसे ज्यादा क्षमता सागर लैब की है। यहां हर माह 800 से 1000 सैंपलों की जांच की जा रही है।

# किशोरी की मौत के 22 दिन बाद दर्ज हुआ दुष्कर्म का केस, आरोपित भी नाबालिग

## एम्स में इलाज के दौरान हुआ था किशोरी का निधन

**भोपाल ईएमएस।** कटारा हिल्स थाना पुलिस ने उपचार के लिए एम्स में भर्ती एक नाबालिग लड़की की मौत के 22 दिन बाद दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इस मामले में आरोपित भी नाबालिग है। किशोरी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म होने के कारण चार माह की गर्भवती होने की बात सामने आई थी। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।कटारा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक मूलत~ छिंदवाड़ा की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी पिछले साल मई माह में काम की तलाश में अकेली भोपाल आई थी। यहां पर उसने हबीबगंज इलाके में मजदूरी करना शुरू किया था। काम करने के दौरान उसकी जान-पहचान हमउम्र किशोर से हो गई थी। बहलाने फुसलाने के बाद किशोरी उसके साथ कटारा हिल्स थाना इलाके में भगवती नगर झुग्गी बस्ती में साथ में रहने लगी थी। इस दौरान किशोर ने किशोरी का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया था। कम उम्र में दुष्कर्म होने के कारण दिसंबर माह में किशोरी की तबीयत खराब होने लगी थी। हालत बिगड़ने पर किशोर ने उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान 21 दिसंबर को किशोरी की मौत हो गई थी। मामला संदिग्ध होने पर अस्पताल प्रबंधन ने किशोरी की मौत की सूचना पुलिस को दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता लगा कि दुष्कर्म होने के कारण किशोरी चार माह की गर्भवती हो गई थी। मामले की जांच के बाद शुक्रवार रात पुलिस ने किशोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



# कड़कड़ाती ठंड में स्टेशन पर नन्ही बेटी को छोड़कर भागा पिता

**भोपाल ईएमएस।** रेलवे पुलिस की सजगता से लावारिस हालत में मिली एक ढाई साल की बच्ची के स्वजन मिल गए। मासूम को उसका पिता शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने जब संदिग्ध व्यक्ति का फुटेज बच्ची को दिखाया, तो मासूम बोल पड़ी- ये मेरे पापा हैं।

**फुटेज देखते ही बोली मासूम- ये पापा हैं**

मानसिक रोगी इस पिता ने गुरुवार रात को भी नागदा स्टेशन पर बेटी को लावारिस छोड़ दिया था, लेकिन वहां मौजूद पुलिस ने बालिका को पुन~उसके पिता को ही सौंप दिया था। दूसरी बार मिलने के बाद रेलवे पुलिस ने मासूम को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया है।जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे प्लेटफार्म नंबर-एक पर स्टेशन मैनेजर के कमरे के सामने कंबल में लिपटी बालिका मिली थी। वह ठीक से अपना पता नहीं बता पा रही थी। पुलिस ने स्टेशन पर लगे कैमरे चेक किए। फुटेज में भोर करीब 3~45 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति बालिका को वहां छोड़कर भागता दिखा। पुलिस ने बालिका को रेलवे चाइल्ड लाइन के समन्वयक संजीव जोशी के सुपुर्द किया। साथ ही जीआरपी, आरपीएफ के वाट्सएप ग्रुप पर बालिका एवं संदिग्ध व्यक्ति के फुटेज प्रसारित कर दिए। इस दौरान बच्ची को भी संदिग्ध व्यक्ति का फुटेज दिखाया। फोटो देखते ही बच्ची चहकते हुए बोली... ये मेरे पापा हैं। उधर शनिवार दोपहर को बीना रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ट्रेन के इंजन में घुसकर हंगामा करने लगा। बीना रेलवे पुलिस उसे थाने लेकर आई। उसका हुलिया भोपाल रेलवे स्टेशन पर बच्ची को छोड़कर भागे संदिग्ध से मिलता-जुलता दिखा। घटना का पता चलने पर बालिका की मां और अन्य स्वजन भी भोपाल आ गए हैं। सोमवार को रेलवे चाइल्ड लाइन बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करेगी। समिति बच्ची की सुपुर्दगी का निर्णय लेगी। स्वजन से पूछताछ में पता चला कि बच्ची का परिवार मूलत~बैतूल का रहने वाला है। बालिका का पिता मानसिक रोगी है। लंबे समय तक चले इलाज के बाद दो साल पहले वह पूरी तरह ठीक हो गया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने व्हिसलब्लोअर डॉ आनंद राय को दी जमानत

## कलेक्टर पर हमले के आरोप में जेल में थे बंद

**भोपाल, यशभारत।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित हिंसा के एक मामले में व्हिसलब्लोअर डॉ आनंद राय को जमानत दे दी है। डॉ आनंद राय ने सनसनीखेज व्यापम घोटाले का भंडाफोड़ किया था। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और विवेक तन्खा की दलीलों पर संज्ञान लिया है। आरोपी नेत्र रोग विशेषज्ञ आनंद राय पिछले 60 दिनों से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जेल में बंद हैं। पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि यह आदमी एक नेत्र रोग विशेषज्ञ है। वह कहता है कि वह व्यापम घोटाले में व्हिसलब्लोअर भी है।आरोप यह है कि वह उस भीड़ का हिस्सा था,



जिसने कलेक्टर पर हमला किया था। आप उसे कब तक जेल में रखेंगे? पीठ ने इस तथ्य पर भी ध्यान दिया कि मामले में पुलिस की तरफ से चार्जशीट दायर नहीं किया गया है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने राय को जमानत दे दी। हालांकि न्यायालय ने कहा कि उनकी जमानत निचली अदालत की निर्धारित शर्तों के अधीन होगी। मेहता ने कहा कि इस तथाकथित व्हिसलब्लोअर के सामने आने से पहले उसके खिलाफ चार-पांच प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

सिब्बल ने कहा कि आरोपी को उसकी न्यायिक हिरासत के दौरान एकांत कारावास में रखा गया था। हालांकि मेहता ने इन दलीलों का पुरजोर विरोध किया। विधि अधिकारी ने कहा कि एक सरकारी कर्मचारी होने के नाते राय को जमानत की शर्तों में से एक के रूप में इस तरह के धरने में भाग नहीं लेने का निर्देश दिया जाए। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राय को 15 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत और उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मध्य प्रदेश में रतलाम जिले के विकास पारगी ने एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राय और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्द बोलने वाला ओकेंद्र राणा पांच दिन की रिमांड पर

**भोपाल यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के खिलाफ अपशब्द बोलने के मामले में गिरफ्तार वाले हरियाणा के ओकेंद्र राणा को शनिवार को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। आदलत ने उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। राजधानी पुलिस आकेंद्र को शुक्रवार को हरियाणा से गिरफ्तार कर भोपाल लाई थी। राणा के खिलाफ पिपलानी और मिसरोद थाने में भी केस दर्ज किए गए हैं। ओकेंद्र को पुलिस ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी भारत सिंह रघुवंशी की अदालत में पेश किया। इस दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपित से अपराध के संबंध में साक्ष्य जुटाए जाना है। इस बात से सहमत होते हुए अदालत ने ओकेंद्र को पांच दिन के लिए पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। बता दें कि करणी सेना के आंदोलन के दौरान इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो बहुप्रसारित हुआ था। जिसमें एक युवक मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के खिलाफ अपशब्द बोल रहा था। क्राइम ब्रांच ने फुटेज को जांच में लिया था। आरोपित की पहचान भिवानी हरियाणा के बीदनी गांव के रहने वाले ओकेंद्रसिंह राणा के रूप में हुई थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच और पिपलानी थाने की संयुक्त टीम हरियाणा पहुंची थी। हरियाणा पुलिस की मदद से भोपाल की पुलिस टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को ओकेंद्र को उसके फार्म हाउस से गिरफ्तार कर लिया था।



# पैतृक गांव में हुआ शरद यादव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ दी गई विदाई

**भोपाल, यशभारत।** वरिष्ठ समाजवादी नेता और जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का शनिवार को मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री का अंतिम संस्कार शाम करीब पांच बजे पुत्र शांतनु बुंदेला और पुत्री सुभाषिनी ने उनके पैतृक गांव अंखमऊ में किया। यादव का गुरुवार को 75 साल की उम्र में गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। इससे पहले दिन में यादव का पार्थिव शरीर चार्टर्ड विमान से दिल्ली से भोपाल पहुंचा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और अन्य ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। यादव के पार्थिव शरीर को भोपाल से सड़क मार्ग से लगभग



100 किलोमीटर दूर अंखमऊ ले जाया गया। दिग्विजय सिंह पार्थिव शरीर के साथ भोपाल हवाई अड्डे से अंखमऊ गांव गए। दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग अंखमऊ गांव पहुंचे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यादव उनके पड़ोसी थे क्योंकि उनके गांव नर्मदा नदी के दोनों ओर स्थित थे।

### जयप्रकाश आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे शरद यादव

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ''यादव जयप्रकाश आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे। वे बचपन से ही अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे। विद्यार्थी जीवन में ही राष्ट्रीय आन्दोलन से जुड़ गए। उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति की दिशा बदल दी।'' दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने अंखमऊ गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने संवाददाताओं से कहा कि शरद यादव ने न केवल छात्र राजनीति का वैभव देखा है, बल्कि दलगत राजनीति में भी जबलपुर का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वैचारिक अंतर्विरोध हो सकते हैं लेकिन उनके साथ घनिष्ठता कभी कम नहीं हुई।

### कई नेता हुए शामिल

दिग्विजय सिंह और पटेल के अलावा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, नर्मदापुरम के सांसद राव उदय प्रताप सिंह और कई अन्य नेता अंतिम संस्कार के समय अंखमऊ में मौजूद थे। जद (यू) मध्य प्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख और यादव के करीबी सहयोगी गोविंद यादव ने कहा कि एक छात्र नेता के रूप में शुरुआत करने के बाद, 1974 में मप्र में जबलपुर से लोकसभा उपचुनाव में शरद यादव की जीत कांग्रेस के खिलाफ विपक्षी उम्मीदवार के रूप में हुई थी।

# मकर संक्रांति पर लगायी आस्था की डुबकी



**नरसिंहपुर यभाप्र।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर स्नान के लिए माँ नर्मदा के सभी तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान ब्राम्हा की तपोस्थली ब्राम्हण घाट में मकर संक्रांति मेले की भी धूमधाम से शुरू हुई। संक्रांति स्नान के लिए जिला सहित आसपास के जिलों सागर, दमोह से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की टोली भजन-संकीर्तन करते पारंपरिक बंवुलिया गाते हुए कांवर लेकर बरमान के सीढ़ी घाट और मेला स्थल पर पहुंचे। नर्मदा के दोनों घाटों पर सुबह से भीड़ बढ़ना शुरू हो गई। देर शाम यहां हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने मुर्हूत की डुबकी लगाई और सुबह भी तिल स्नान करने के लिए डेरा जमा लिया था और पुण्य की डुबकी लगायी। संक्रांति स्नान के लिए पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़ ने मुर्हूत का इंतजार पिकनिक मनाते हुए किया। पारिवारिक सदस्यों, दोस्तों की टोलियों में आए लोगों ने नर्मदा की तलहटी में होने वाले भटे के भर्ता और बाटियों का स्वाद लिया। जगह-जगह भंडारे भी चलते रहे। घाट के दोनों तरफ प्राचीन मंदिरों में भी सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ रही। मकर संक्रांति मेले में रविवार की सुबह से ही लोगों की भीड़ बढ़ने के कारण व्यापारियों ने अच्छा मुनाफा कमाया। बरमान मेले के मीना बाजार और मनिहारी की दुकानों में महिलाओं-युवतियों की खासी भीड़ रही। पहले दिन बर्तन, कपड़े का व्यवसाय भी खूब चला। भीड़ का आलम यह रहा कि मीना बाजार में तो दुकानों पर खरीदी करने के लिए महिलाओं को भीड़ कमने का इंतजार करना पड़ा। व्यापारी भी इस जुगत में ज्यादा व्यस्त रहे कि दुकान पर आने वाले ग्राहक इधर-उधर न हो जाएं। वहीं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर स्थानीय झिरना में भी मेले का आयोजन किया गया जहां श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मेले का लुत्फ उठाया। झिरना के मेले में भी श्रद्धालुओं की अत्याधिक भीड़ रही। बच्चों ने खिलौनों की खूब खरीददारी की।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री पटैल ने ब्रजेश पटैल का शाल श्रीफल से सम्मान



नरसिंहपुर यभाप्र। बरमान खुर्द में केंद्रीय जल शक्ति, खाद्य प्र-संस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के मुख्यातिथ्य एवं केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में स्वच्छता एवं जल संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी, डॉ. अनंत दुबे, जनपद अध्यक्ष कुमारी प्रतिज्ञा परिहार, जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव, श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रामनारायण सोनी, अभिषेक पटेल, भाजपा पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनो की उपस्थित रही कार्यक्रम में श्री पटैल ने दिल्ली साइकिल यात्रा के यात्री डॉ. अंनत कुमार दुबे, देवेंद्र दुबे तथा करेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ब्रजेश पटेल को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

## कार्मेल स्कूल की साल की तीसरी टेस्ट परीक्षा के परिणाम घोषित



**करेली यभाप्र।** नगर की शैक्षणिक संस्था कार्मेल स्कूल में शैक्षणिक सत्र में तीन बार बुद्धिमत्ता का कौशल देखने के लिए टेस्ट परीक्षा ली जाती है सत्र 22 – 23 की तीसरी और अंतिम टेस्ट परीक्षा के लिए परीक्षा परिणाम विगत दिवस 13 जनवरी 2023 को घोषित किए गएण्यह पी टी 1 एपी टी 2 एग्जाम की श्रेणी में आते हैं जो इस बार पी टी 2 की टेस्ट परीक्षा के परिणाम छात्र छात्राओं के अभिभावकों को बताए गए। पी टी 2 एग्जाम टेस्ट परीक्षा मीटिंग में स्कूल के बहुत से छात्र-छात्राएं अच्छे अंको से अपनी प्रतिभा दिखाई और कुछ बच्चे कमजोर अंक अर्जित कर पाए। कार्मेल स्कूल के मैनेजर प्रिंसिपल फादर वर्गिस ने बताया साल भर में हमारा स्कूल प्रबंधन ऐसी तीन टेस्ट परीक्षा आयोजित करते हैं और आखिरी फाइनल एग्जाम के बाद की जाती है एइस तरह की टेस्ट परीक्षाओं से बच्चों की तैयारी का शिक्षकों के साथ परिजन को अवगत होता है फाइनल एग्जाम में यह बच्चे आग में लोहे की तरह तप कर ठोस तैयार हो ताकि यह कक्षा के साथ अन्य परीक्षाओं के लिए मजबूत बने। कार्मेल स्कूल की एक क्लास में जब हमारे संवाददाता पहुंचे तो शिवांगी राजपूत शिक्षिका ने बताया यह परीक्षा पी टी 1 एपी टी 2 इसमें साल भर में बच्चों के लिए इस तरह के टेस्ट आयोजित किए जाते हैं ताकि बच्चों की बुद्धिमत्ता कौशल इन बच्चों में टेस्ट परीक्षा से फाइनल एग्जाम की तैयारी के संकेत मिलते हैं।

# श्रीमती चम्पा देवी सिंह पंचतत्व में विलीन



**जबलपुर,यशभारत।** नरसिंह वार्ड मदन महल निवासी स्वर्गीय श्री देवनारायण सिंह की धर्मपत्नि, एवं शहर के प्रथम नागरिक और महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', विजय पाल सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती ललिता सिंह, श्रीमती सरिता सिंह, एवं श्रीमती वनीता सिंह की पूज्य मॉ श्रीमती चम्पा देवी सिंह का आज 81 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज निज निवास नरसिंह वार्ड मदन महल से गुप्तेश्वर मुक्ति धाम के लिए शोक शहनाई और पुष्पवर्षा के साथ सभी सुपुत्रों एवं परिजनों के संस्कारी कंधों पर सवार होकर निकली। इस देवलोक गमन अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्यजनों के साथ जबलपुर के सांसद राकेश सिंह, म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री चन्द्र कुमार भनोत, पूर्व वित्त मंत्री तरूण भनोत, पूर्व सामाजिक न्यायमंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय विश्नोई, विधायक संजय पाठक, विनय सक्सेना, संजय यादव, के साथ-साथ पूर्व महापौर प्रभात साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष जी.एस. ठाकुर, वरिष्ठ पदाधिकारी राधेश्याम चौबे, आशीष दुबे, आलोक चन्सोरिया, आलोक मिश्रा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेताप्रतिपक्ष दिनेश यादव, राजेश सोनकर, सम्मति सैनी, बाबू शंकर सोनकर, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर, खेल संघ के अध्यक्ष एवं सचिव दिगविजय सिंह, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पदाधिकारी अभिलाष पाण्डे, सोनू बचवानी, सौरभ नाटी शर्मा, चिन्टू चौकसे, कामेश्वर शर्मा, चमन श्रीवास्तव, मनोज सेठ, मनोज नामदेव, बलदीप सिंह मैनी, वरूण तन्खा, गौरव भनोत, केवल कृष्ण अहूजा, द्वारका मिश्रा, कल्लन गुप्ता, वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी रचित दीक्षित, के साथ ब?ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए और पूज्य माता श्रीमती चम्पा देवी सिंह के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कर परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि माता श्री को अपने चरणों में स्थान दें।

### राज्यसभा विवेक कृष्ण तन्खा, कलेक्टर सौरभ के. सुमन, और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुॅचे घर

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की माताश्री के निधन का समाचार सुनकर व्यतिथ एवं भारी मन से शोक सांत्वना देने राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, कलेक्टर सौरभ के. सुमन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण निवास पर पहुॅचे। इस दौरान श्री तन्खा, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने माताश्री के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएॅ व्यक्त की।मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ, दिगविजय सिंह, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने भी मॉ के दु ःखद निधन सुनकर एवं जानकर दूरभाष पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' से बात की और माता जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएॅ व्यक्त की। अंतिम यात्रा में शामिल होकर मेयर इन काउंसिल के सदस्यों शेखर सोनी, श्रीमती एकता गुप्ता, श्रीमती हेमलता सिंह सिंगरौल, अमरीश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, श्रीमती शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नवी, गुलाम हुसैन, मनीष पटैल, दिनेश तामसेतवार, एवं श्रीमती लक्ष्मी गोटिया के अलावा सभी वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण नगर निगम के अधिकारी अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी, आर.पी. मिश्रा, उपायुक्त मनोज श्रीवास्त, अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, नवीन लोनारे, शैलेन्द्र मिश्रा, पूर्व अपर आयुक्त रोहित सिंह कौशल, पूर्व मुख्य विधि अधिकारी अनिल मिश्रा, कर्मचारी नेता पं. राम दुबे, कपिल दुबे, राहुल दुबे, आदि ने भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विवेकानंद जयंती मनाई गई

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में अध्ययन क्षेत्र में नामी संस्था में 12 जनवरी के दिन नेशनल यूथ डे यानी स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई जाती है। इस खास अवसर पर सभी स्कूलों, छात्रावास, कॉलेज, आश्रम के साथ श्रेणिक संस्थानों और पंचायतों में सूर्य नमस्कार करने की परंपरा काफी सालों से चली आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित शिशु बाल मंदिर दाना गंज, गोटेगाँव में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें शिशु बाल मंदिर के प्रधान पाठक श्री कमलेश नामदेव, शिशु बाल मंदिर व्यवस्थापक एवं सह सचिव बाल शिक्षा समिति श्री आनंद अग्रवाल, पीटीआई उमाकांत सिंह राजपूत सुपरवाइजर दीपक कुशवाहा एवं सभी शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे। प्रधान पाठक नामदेव जी द्वारा सभी बच्चों को सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ को बताया गया एवं उन्होंने यह भी बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में हर दिन सूर्य नमस्कार करता है तो वह सभी प्रकार की बीमारियों से बच सकता है।

# बरमान में स्वच्छता एवं जल संवाद के कार्यक्रम में शामिल हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वय

**नरसिंहपुर यभाप्र।** केंद्रीय जल शक्ति, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल व केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते जिले के चांवरपाठा विकासखंड के ग्राम बरमान खुर्द में आयोजित स्वच्छता एवं जल संवाद के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जल संरक्षण व संवर्धन में योगदान देने के लिए जल शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता सहयोगी सम्मान प्रदान किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा की पूजा अर्चना और दीप दान से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री पटैल ने कहा कि हमें भावी पीढ़ियों की जल की आवश्यकता के बारे में सोचना होगा। जल है, तो कल है। फसल प्रारूप में विसंगति के कारण भू- जल स्तर में गिरावट आई है। यह बात चिंतनीय है कि पूर्वजों ने जिस तरह जल को सहेजा है, हम वैसे जल को नहीं सहेज पा रहे हैं। हम परिवार में कितना पानी खर्च करते हैं, इसका भी आंकलन करना होगा। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करना जरूरी है, जो जल हम नर्मदा से ले रहे हैं, उसको वापस करने की जिम्मेदारी भी हमारी है। भू- जल के मामले में जिले का रेड जोन में आना चिंताजनक है। इसके बारे में भी जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। स्वच्छता एवं जल का परस्पर संबंध है। श्री पटैल ने कहा कि वर्षा के पानी से भू-जल रिचार्जिंग के लिए सूखे हैंडपंप के चारों तरफ गड्ढे करके रिचार्जिंग पिट बनाया जा सकता है। दमोह संसदीय क्षेत्र में इस तरह का कार्य किया गया है। केन्द्रीय मंत्री श्री पटैल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध पेयजल मिले। जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छता समिति के गठन का प्रावधान है। इस समिति में 50 प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया जायेगा। महिलाओं को पानी की टेस्टिंग की ट्रेनिंग दी जायेगी। उनके द्वारा यह तय किया जायेगा कि पानी पीने योग्य है या नहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में स्वच्छता हमारी जीवन शैली का अंग है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने नशे के खिलाफ अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। श्री पटैल ने कहा कि लोगों को कोरोना के बाद योग की प्रासांगिकता का महत्व समझ में आया है। वर्ष 2023 को मोटे अनाज के वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। पूरी दुनिया का 40 प्रतिशत मोटा अनाज भारत में पैदा होता है। पहले कम पानी वाली फसलें ली जाती थी, इस पर फिर से ध्यान देना होगा। अधिक पानी की फसलों के स्थान पर कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना होगी। इसके माध्यम से भू-जल में गिरावट को रोका जा सकता है।

## गंदगी फैलाने वाले 8717 पर कार्रवाई

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर सहित तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गा?ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पमरे मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से दिसम्बर 2022 तक गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 8717 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 12 लाख 07 हजार 350 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले दिसम्बर माह में पमरे के तीनों मण्डलों में कुल 1744 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा उनसे 02 लाख 49 हजार 890 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे

**पमरे ने 12 लाख रूपये से अधिक जुर्माना वसूला**

## रेलवे बोर्ड ने मानी बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की मांग

जबलपुर ,यशभारत। भारतीय रेलवे की ट्रेनों के एसी कोचों में तैनात ऑन बोर्ड एसी एस्कॉर्टिंग स्टॉफ को ट्रेन के गंतव्य स्टेशन पर पहुँचने के बाद तथा पुनः वापसी में उसी ट्रेन के चलने तक के समय में विश्राम की कोई व्यवस्था नही होती थी। इन रेल कर्मियों को एसी कोच में या स्टेशन परिसर के आस पास ही भटकना पड़ता है। यहां तक कि इनको शौचालय व स्नानघर की भी सुविधा नहीं मिलती थी। रेल मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा एवं संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि उक्त पीड़ा को एनएफआईआर के माध्यम से रेलवे बोर्ड के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप रेलवे बोर्ड ने अन्ततः बाहरी स्टेशन पर ऑन बोर्ड एसी एस्कॉटिंग स्टाफ के लिए टीटीई रेस्ट हाउस अथवा रनिंग रूमों में विश्राम की सुविधा के निर्देश विगत दिवस जारी कर दिए। जिससे अब इन कर्मचारियों को पर्याप्त विश्राम की सुविधा मिल सकेगी।

# सरपंच-सचिव की उदासीनता से कुंडम नगर में लगा गंदगी का अंबार जिससे बड़ी बीमारियों का खतरा

कुंडम, यशभारत। ग्राम पंचायत कुंडम में सचिव की लापरवाही से बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर,काले बाबा चौक,हरदौल मोहल्ला, चांदनी चौक, आवास मोहल्ला, बसोर मोहल्ला, झिरिया गली सहित अनेकों जगह-जगह लगा है कचरा का अंबार बेहिसाब गंदगी रोडो में बह रहा है गंदा पानी कुंडम बस स्टैंड में हैंडपंप के आजू-बाजू मुर्गा,मटन,मछली बाजार वाली दुकाने इतनी ज्यादा गंदगी कर रहे हैं कि यात्रीगण परेशान हैं बस स्टैंड में बना सुलभ शौचालय अपार गंदगी से भरा हुआ जिससे महिलाओं एवं पुरुषों यात्री गणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है शराब की बोतलों से भरा पड़ा है आजू बाजू इतनी गंदगी की यात्री का खड़े होना दूबर है पूरे नगर में बीमारियों को निमंत्रण देना है जबकि ग्राम पंचायत कुंडम बड़ी ग्राम पंचायत है मगर सचिव ज्ञान सिंह तेकाम कुंडम नगर कि ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जगह-जगह टूटी पड़ी है पाइपलाइन जगह जगह गांव में बह रहा है गंदा पानी चेंबर खुले डले हुए हैं चेंबर के ऊपर से बह रहा है गंदा पानी लोग आए दिन गिर रहे हैं नहीं है कोई देखरेख करने वाला ग्राम पंचायत कुंडम की आधे से ज्यादा कार्य अधूरे पड़े हुए हैं ग्राम पंचायत कुंडम के नगर वासियों का कहना है कि सचिव की लापरवाही से आज पूरा कुंडम गंदगी में फैला हुआ है और आधे से ज्यादा कार्य अधूरे पड़े हुए हैं और सरपंच भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे ग्राम वासियों ने कलेक्टर जबलपुर एवं जिला पंचायत सीईओ जबलपुर से कुंडम सचिव को तत्काल हटाने की मांग की है एवं उनके कार्यकाल की जांच की जाए तो ग्राम पंचायत कुंडम का भ्रष्टाचार उजागर होगा।





## हर्षित सिंघई को दीश्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांत्वना

**जबलपुर, यशभारत।** आज जबलपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री जननायक *श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया * ने जबलपुर महानगर से भाजपा उपाध्यक्ष * हर्षित सिंघई * के निवास स्थान पहुचकर *उनके पूज्य पिताजी श्री राजेश सिंघई राजू पहलवान जी के निधन * पश्चात शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को संबल प्रदान हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# मझगवा की धुआंधार बल्लेबाजी में 12 रन से जीत हासिल की



**जबलपुर यश भारत।** कटंगी के स्कूल प्रांगण में स्वर्गीय डा रेवा प्रसाद साहू की स्मृति में लेदर बॉल अध्यक्ष कप नगर परिषद अध्यक्ष अमिताप साहू के तत्वाधान में अध्यक्ष कप का क्वार्टर फाइनल मैच मझगवा और एम एस कटंगी के बीच खेला गया जिसमे मझगवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में150 रन बनाये जिसके जबाब में कटंगी की टीम 20 ओवर में मात्र 139 रन ही बना सकी मझगवा ने रोमांचक मैच में 12 रन से जीत हासिल की मझगवां के गोलू चौरसिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट हासिल किये जिसके लिए उन्हें मैं ऑ? द मैच चुना गया मैन ऑ? द मैच का पुरुस्कार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह विधायक प्रीतिनिधि स्वप्निल अग्रवाल भाजपा नगर अध्यक्ष डा राजेश सिंह शंकर यादव मो यासीन कालू ठाकुर के द्वारा प्रदान किया गया आज के मुख्य अतिथि डा राजन पुरोहित डा सतीश पांडे न प उपाध्यक्ष कमलेश ताम्रकार जयंत जैन जगदीश सोनी कमलेश साहू भगवत सिंह ,अजीत सिंह, मनोज यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 247 लाख यात्रियों व मॉल भाड़े से तीन हजार करोड़ की वाणिज्यक आय अर्जित की

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर सहित अन्य सभी स्टेशनों से वर्तमान वित्त वर्ष में लगभग 247 लाख यात्रियों ने विभिन्न ट्रेनों में यात्रा की है जिसमे 85 लाख यात्रीयों ने आरक्षित श्रेणी में तथा 162 लाख यात्रियों ने अनारक्षित श्रेणी में यात्रा की है इन यात्रियों से रेलवे को 584 करोड़ रूपये अधिक का रेल राजस्व प्राप्त हुआ है मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधायो में अत्याधुनिक सुविधायो के साथ ही जबलपुर रेल मंडल द्वारा इस वित्त वर्ष में वाणिज्यिक आय में निरंतर रिकार्ड वृद्धि दर्ज की जा रही है जिससे कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल तीन हजार एक सौ करो? रूपये की वाणिज्यक आय अर्जित की जा चुकी है तथा इसके मार्च 2023 तक चार हजार करोड़ रूपये तक पहुचने की पूर्ण सम्भावनाये है इस आय से पश्चिम मध्य रेल में मंडल की सर्वाधिक आय अर्जित करने का मंडल का रिकार्ड बन रहा है. इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि मंडल द्वारा अप्रेल से दिसम्बर 2022 तक 09 माह में यात्री आय में 43 प्रतिशत वृद्धि के साथ 584 करोड़ रूपये की यात्री आय अर्जित की गयी है जबकि 25.39 मीट्रिक टन की मॉल ढुलाई से मंडल को 2403 करो? रूपये की आय हुई है जो कि गत वर्ष की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक है., इसी तरह अन्य विविध मदों में भी मंडल ने 75 करोड़ रूपये की आय अर्जित की है जो कि गत वर्ष से 134 प्रतिशत अधिक है. इस तरह मंडल ने गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अब तक कुल 38 प्रतिशत अधिक आय अर्जित की है श्री रंजन ने बताया कि प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक राजेश पाठक एवं मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के कुशल नेतृत्व में मंडल द्वारा उक्त उल्लेखनीय उपलब्धिया हासिल की जा रही. जिसमें वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी सक्रिय सहयोग बना हुआ है।

# पमरे का ओरिजनेटिंग रेवेन्यू 57 अरब 10 करोड़ रूपये

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर सहित तीनों मण्डलों के अधोसंरचनात्मक कार्यों को गति प्रदान करते हुए तथा यात्री सुविधाओं में उत्तरोत्तर विकास करते हुए रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके परिणामस्वरूप ने अप्रैल से दिसम्बर 2022 तक 5710 करो? 11लाख रूपये प्रारंभिक आय (ओरिजनेटिंग रेवन्यू) अर्जित किया इस तरह यदि मद वाइस आय पर नजर डालें तो चालू वित्तीय वर्ष की आठ माह यानी अप्रैल से दिसम्बर 2022 तक पमरे की ओरिजनेटिंग आय के अंतर्गत यात्री यातायात से रुपये 1541 करो? 80 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 129 करो? 24 लाख, माल यातायात से रुपये 3877 करो? 80 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 161 करोड 27 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। इस प्रकार पमरे ने आठ माह में कुल रुपये 5710 करोड 11 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त 4136 करो? 97 लाख रुपये की तुलना में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री यातायात के लिए अधिक से अधिक सुविधाओं का विस्तार करके रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया। समय-समय पर समर स्पेशल, त्यौहार स्पेशल एवं परीक्षा स्पेशल ट्रेनों को भी चलाया जा रहा है।फ्रेट लोडिंग को ब?ावा देने के लिए व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) स्थापित की गई। इसके तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को ब?ावा दिया गया। मालगा?ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी ब?ाया इसके साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किये गये गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगा?ियों के डिटेंशन को कम किया गया। मालगा?ियों के संचालन में तेजी आयी और माल ढुलाई में वृद्धि हुई। अन्य तरह के यातायात के लिये पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया गया साथ ही एसएलआर की लीजिंग की अधिक से अधिक मॉनिटरिंग की गई। संड्री आय के अंतर्गत लैंड लाइसेंसिंग और गैर किराया राजस्व (एनएफआर) ब?ाने के लिए भी व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है।

# हॉकी वर्ल्ड कप-इंग्लैंड से मैच आज

# भारत जीता तो नॉकआउट में जाना पक्का

**राउरकेला, ईएमएस।** हॉकी वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम अपना विजयी क्रम बरकरार रखना चाहेगी। ग्रुप-डी में राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में टीम का दूसरा मुकाबला इंग्लैंड से शाम 7:00 बजे शुरू होगा। इंग्लैंड ने जहां वेल्स को 5-0 से पहला मैच हराया था। वहीं, टीम इंडिया ने स्पेन को 2-0 से हराकर शुरुआत की थी। दोनों ही टीमें ग्रुप स्टेज में अपने-अपने मैच जीतकर 3-3 पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। बेहतर गोल डिफरेंस के चलते इंग्लैंड पहले और भारत दूसरे नंबर पर हैं। आज जीतने वाली टीम ग्रुप-डी में टॉप पर पहुंचेगी और उसका नॉकआउट राउंड में पहुंचना पक्का हो जाएगा। भारत को ग्रुप स्टेज में अपना आखिरी मैच वेल्स के खिलाफ खेलना है। जिसे इंग्लैंड ने 5-0 से हराया था। वहीं, इंग्लैंड का आखिरी मैच स्पेन से होगा। स्पेन को भारत ने 2-0 से हराया था।



### अंग्रेजों पर हावी रहे हम

1975 हॉकी वर्ल्ड कप में पहली बार दोनों टीमें इंटरनेशनल लेवल पर आमने-सामने भिड़ी थीं। ये मुकाबला भारत ने जीता था। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच 21 मैच हुए। भारत ने 10 और इंग्लैंड ने 7 जीते। 4 मैच ड्रॉ रहे। बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में दोनों टीमें आखिरी बार भिड़ी थीं। मुकाबला 4-4 से ड्रॉ रहा था। इससे पहले अगस्त में स्नद्ध॥ प्रो लीग में भारत ने 4-3 से मुकाबला जीता था।

### स्पेन के खिलाफ की थी गलती

टीम इंडिया के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उन्होंने स्पेन के खिलाफ डिफेंस में गलती की थी। कई बार स्पेन को पेनल्टी कॉर्नर के चांस मिल गए थे। भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर और स्ट्रोक दोनों पर ही स्कोर नहीं कर पा रही थी। लेकिन, इंग्लैंड के खिलाफ मैच को लेकर उन्होंने कहा कि टीम इस चुनौती के लिए तैयार है।

### इंग्लैंड के खिलाफ क्या स्ट्रैटजी अपनाए भारत?

इस सवाल पर एक्सपर्ट राजिंदर सिंह (पूर्व ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट) ने कहा, च्भारत को हर छोटे चांस पर गोल कन्वर्ट करना होगा। खिलाड़ियों को कार्ड लेने से बचना होगा। अटैकिंग गेम खेलकर इंग्लैंड पर दबाव बनाएं तो बेहतर होगा। इंग्लैंड के खिलाफ हमारा रिकॉर्ड अच्छा है। मुझे भारत की जीत की उम्मीद है।ज भारत की कमजोरी- पेनल्टी कॉर्नर पर स्कोर नहीं कर पा रहे हैं। शॉर्ट कॉर्नर में ज्यादा सक्सेस नहीं मिली। हरमनप्रीत ने कई चांस मिस किए। डिफेंस बहुत ज्यादा दबाव में खेल रही थी। जिससे स्पेन ने भारत के खिलाफ भी कई चांस बनाए। इंग्लैंड की स्ट्रेंथ-फॉरवर्ड प्लेयर स्ट्रॉन्ग हैं। कॉर्डिनेशन शानदार है। खिलाड़ी इंटेलिजेंट हैं, टीम के रूप में बहुत शानदार खेलते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर प्रैक्टिस की। हरमनप्रीत की कप्तानी में टीम के खिलाड़ी इस वर्ल्ड कप में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। मैच के पहले जम कर प्रैक्टिस की।

### आज स्पेन का भी मैच

भारत के मैच से पहले राउरकेला में शाम 5 बजे से ग्रुप-डी में स्पेन और वेल्स का मैच भी खेला जाएगा। दोनों ही टीमें अपना पहला मैच हार चुकी हैं। पॉइंट्स टेबल में शून्य पॉइंट्स के साथ दोनों टीमें तीसरे और चौथे नंबर पर है। कम गोल खाने के चलते स्पेन तीसरे और वेल्स आखिरी स्थान पर है।

# यूएई-यूएसए की पूरी टीम भारतीय

## किसी ने फिल्म देखकर खेलना शुरू किया...तो कोई गैरेज में खेलकर क्रिकेटर बनी

**कैपटाउन, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका में अंडर-19 टी-20 महिला वर्ल्ड कप शुरू हो चुका है। संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश ने जीत से शुरुआत की है। जबकि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका को श्रीलंका ने 7 विकेट से हराया है। इस टूर्नामेंट में,श्च और ह्र की टीमें मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं, क्योंकि इन दोनों टीमों के सारे खिलाड़ी भारतीय मूल हैं। अहम बात यह कि टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 240 खिलाड़ियों में से 45 भारतीय मूल की हैं। गीतिका कोडाली, अनिका रेड्डी कोलन, भद्रिराजू, लास्य प्रिया मुल्लपुदी और साई तन्मयी आईयुन्नी तेलुगू हैं। कस्तूरी वेदांतम को भी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया है। इस स्टोरी में आप ह्र और,श्च टीमों के पहले मैच में शामिल भारतीय मूल की खिलाड़ियों का करियर...फिर हम जानेंगे कुछ अन्य खिलाड़ियों की सक्सेस स्टोरी। इनमें से अधिकांश खिलाड़ियों के परिजन अपना करियर बनाने के लिए अमेरिका और UAE गए थे।

### चेन्नई की तीर्था सतीश ने तमिल फिल्म देख क्रिकेट खेलना शुरू किया

,श्च की कप्तान तीर्था सतीश चेन्नई में जन्मी हैं। हालांकि, उनका परिवार UAE में रहता है। तीर्था ने तमिल फिल्म च्कानाज देखकर प्रोफेशनल क्रिकेट खेलना शुरू किया। यह फिल्म एक किसान की बेटी की कहानी थी, जो क्रिकेट वर्ल्ड कप खेलना चाहती है। 18 साल की विकेटकीपर बल्लेबाज तीर्था IPL फ्रेंचाइजी CSK की फैन हैं। 2021 में डेब्यू करने वाली तीर्था 33 मैच खेल चुकी हैं।





### 11 साल की उम्र से क्रिकेट खेल रही हैं गीतिका

भारतीय मूल की गीतिका गोडाली को अमेरिका की महिला टीम का कप्तान बनाया गया है। गीतिका जब 11 साल की थी, तब से क्रिकेट खेल रही हैं। गीतिका के पिता प्रशांत कोडाली और मां माधवी अमेरिका में रहते हैं। गीतिका का जन्म कैलिफॉर्निया में हुआ। 18 वर्षीय ऑलराउंडर गीतिका वेस्टइंडीज के 'सिक्स्टी' टूर्नामेंट में भी खेल चुकी हैं। सपना महिला आईपीएल में खेलने का है।

### अनिका कोलन-बेंगलुरु में जमाया था पहला अर्धशतक

अमेरिकी टीम की उप कप्तान हैं। 9 साल की उम्र से क्रिकेट खेल रही हैं। जब वो छोटी थी तो गैरेज में क्रिकेट खेलती थी। उनके पिता ही कोच बन गए। अनिका के भाई क्यूरेटर, कोच और किट देने वाले बन गए। विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और टॉप ऑर्डर में बैटिंग करती हैं। उनके साथ उन्हें निक्स के नाम से पुकारते हैं। 16 साल की अनिका के दोस्त उन्हें निक्स कहकर बुलाते हैं। बेंगलुरू में कर्नाटक क्रिकेट संस्थान में भारतीय सरजमीं पर अपना पहला अर्धशतक जड़ना उनके करियर का यादगार पल है।

**स्निग्धा पॉल-** P में जन्मी हैं, जिम्बॉब्वे के खिलाफ डेब्यू मिला उत्तर प्रदेश में जन्मी स्निग्धा पॉल सिर्फ 16 साल की हैं। स्निग्धा ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ टी20 डेब्यू किया था और आखिरी मैच यूएई के खिलाफ खेला था।

### तरनुम चोपड़ा-हरियाणा की हैं, आखिरी टाइम में टीम में मौका मिला

हरियाणा की तरनम चोपड़ा का जन्म 19 नवंबर 2006 को हुआ था। उनका नाम आखिरी समय में यूएसए की टीम में शामिल किया गया है। तरनम ने पिछले साल जिम्बॉब्वे के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया।

# अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप...भारतीय लड़कियों की जीत से शुरुआत

## साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हराया, श्वेता प्लेयर ऑफ द मैच



**कैपटाउन, एजेंसी। भारतीय लड़कियों ने अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। भारत ने ग्रुप-डी के मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हराया। इस जीत में कप्तान शेफाली वर्मा और श्वेता सेहरावत का अहम योगदान रहा। पहले दिन भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश और यूएई ने भी अपने मुकाबले जीते। बेनोनी के विलोमूर पार्क स्टेडियम में शनिवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 166 रन बनाए। सिमोन लोरेन्स (61 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली। मैडिसन लैंड्समैन ने 32 रन बनाए। भारतीय कप्तान शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लिए। जबकि सोनम यादव और पार्श्वी चोप?ा को एक-एक विकेट मिला। जवाब में भारतीय टीम ने 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 170 रन बनाते हुए जीत हासिल की। श्वेता सेहरावत ने 92 रन की पारी खेली। उनकी 57 गेंदों की पारी में 20 चौके शामिल थे। अफ्रीकी टीम की ओर से सेशनी नायडू, मियाने स्मिथ और मैडिसन लैंड्समैन ने एक-एक विकेट लिया। भारत का दूसरा मुकाबला 16 जनवरी को UAE से होगा।**

### कप्तान शेफाली का दोहरा प्रदर्शन

इंडिया विमेन टीम की शेफाली वर्मा ने दोहरा प्रदर्शन किया। पहले तो बॉलिंग से उन्होंने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए। फिर 167 रन के टारगेट के सामने महज 16 गेंदों में 45 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने श्वेता सेहरावत के साथ पावरप्ले में ही 70 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। पावरप्ले के आखिरी ओवर में उन्होंने 6 बाउंड्री लगाई। अफ्रीकी गेंदबाज थाबिसेंग निनी के ओवर की शुरुआती 5 गेंदों पर शेफाली ने 5 चौके लगाए और फिर आखिरी बॉल पर छक्का लगाकर ओवर खत्म किया।

### बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में ही बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम को बांग्लादेश के हाथों 7 विकेट से हार झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 130 रन बनाए। जिसे बांग्लादेश ने 18 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। दूसरे मैच में यूएई ने स्कॉटलैंड विमेंस टीम को हराया। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 99 रन बनाए। जिसे यूएई ने 16.2 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। तीसरे मैच में श्रीलंका ने यूएसए को हराया। यूएसए ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन बनाए। श्रीलंका विमेंस ने 19 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

### श्रीलंका के खिलाफ चौथी बार क्लीन स्वीप का मौका

विराट तोड़ सकते हैं जयवर्धने का रिकॉर्ड; जानें पिच रिपोर्ट और पॉसिबल प्लेइंग-11 तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुकी भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीसरे मैच को जीतकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। अगर ऐसा होता है तो भारतीय टीम चौथी बार श्रीलंका को क्लीन स्वीप करेगी। आखिरी मैच तिरुवनंतपुरम में दोपहर 01ञ्30 बजे से खेला जाएगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम में कुछ बदलाव कर सकते हैं। वहीं, श्रीलंका की टीम मैच जीतकर द्धष्टष्ट सुपर लीग पॉइंट्स टेबल में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहेगी।

### चौथी क्लीन स्वीप करेगा भारत

दोनों टीमों के बीच अब तक 19 द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेली गई। 14 बार भारत और 2 बार श्रीलंका को जीत मिली। इनमें 3 सीरीज ड्रॉ रहीं। 14 में से 3 बार भारत ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के सभी मैच जीतते हुए क्लीन स्वीप किया। आज जीतने पर भारत चौथी बार श्रीलंका के खिलाफ वनडे में क्लीन स्वीप करेगा।




# बॉलीवुड पर भारी पड़ा रीजनल सिनेमा, नहीं चला फिल्म कुत्ते का जादू, ओपनिंग डे पर महज 1.5 करोड़ की कमाई

**मुंबई, ईएमएस।** मल्टी स्टारर फिल्म कुत्ते बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो चुकी है। डायरेक्टर विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का फर्स्ट डे कलेक्शन सामने आ चुका है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 1.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो कि बेहद निराशाजनक है। अर्जुन कपूर, तब्बू, राधिका मदान और नसीरुद्दीन शाह जैसे एक्टर्स से सजी इस फिल्म से उम्मीद की जा रही थी कि पहले दिन कुत्ते का कलेक्शन तकरीबन 8 से 10 करोड़ का होगा, लेकिन फिल्म ऐसा करने में असफल रही है। जहां एक तरफ रीजनल फिल्में बॉक्स ऑफिस पर दमदार कलेक्शन कर रही हैं, वहीं पहले दिन इस बॉलीवुड फिल्म के आंकड़े भी मायूस कर देने वाले हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर रीजनल सिनेमा का जलवा

थलपति विजय और रश्मिका मंदाना स्टारर वारीसु लगातार तीसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर बेहतर परफॉर्म कर रही है। फिल्म ने शुक्रवार को इंडिया में करीब 11 करोड़ का कलेक्शन किया है, वहीं तीसरे दिन वर्ल्ड वाइड फिल्म में 15 करोड़ की कमाई की है। केवल तमिलनाडु में ही फिल्म ने 9 करोड़ रुपए कमाए हैं। वहीं कर्नाटक में करीब 80 लाख, केरल में 40 लाख और अन्य राज्यों में 80 लाख का कलेक्शन किया है। जो कुत्ते के ओपनिंग डे कलेक्शन से 8 गुना ज्यादा है। ओपनिंग डे की बात करें तो वरीसू ने पहले दिन इंडिया में करीब 31.47 करोड़ की कमाई की थी। वहीं सिर्फ तमिलनाडु में ही फिल्म का कलेक्शन 20.15 करोड़ से ज्यादा का था।

### वीर सिम्हा रेड्डी का बॉक्सऑफिस कलेक्शन

श्रुति हसन और नंदमुरी बालकृष्ण स्टारर फिल्म वीर सिम्हा रेड्डी का बॉक्सऑफिस कलेक्शन बेहद दमदार रहा है। दूसरे दिन फिल्म ने करीब 11 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है, वहीं फिल्म का अब तक का कलेक्शन करीब 61.2 करोड़ तक रहा है। दो दिन में फिल्म ने 38.7 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए शहजादा-तब्बू से लेकर भाग्यश्री तक स्टाइलिश अंदाज में दिखे सेलेब्स

**मुंबई, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म शहजादा को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस बीच कार्तिक को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में कार्तिक काफी हैंडसम लग रहे हैं। इस दौरान कार्तिक की ब्लैक हुडी ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। दरअसल, उनके हुडी पर शहजादा लिखा हुआ है। एयरपोर्ट पर कार्तिक ने फैंस के सेल्फी भी क्लिक करवाई। बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू को भी मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया है। इस दौरान वह मल्टी कलर के कुर्ता में नजर आई। उन्होंने मुस्कुराते हुए पैपराजी से बात भी की। वहीं, मैंने प्यार किया एक्ट्रेस भाग्यश्री भी मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आई। भाग्यश्री ऑल ब्लैक ट्रैक सूट में दिखाई दीं। एक्ट्रेस का ये लुक कमाल का लग रहा है। बता दें, 53 साल की भाग्यश्री अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं। इनके अलावा सिंगर स्टेबिन बेन, और एक्टर वत्सल सेठ भी एयरपोर्ट पर कैजुअल लुक में नजर आए।



# ऑल ब्लैक आउटफिट में स्पॉट हुईं दीपिका पादुकोण-मुंबई एयरपोर्ट पर स्टाइलिश लुक में दिखीं कृति सेनन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण इन दिनों फिल्म च्पठानज्को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच दीपिका को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दीपिका ऑल ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं। इसके अलावा ब्लैक सनग्लासेज और व्हाइट स्नीकर्स में दीपिका का ये लुक कमाल का लग रहा है। उनके इस लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं, शहजादा एक्ट्रेस कृति सेनन को भी मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान कृति भी स्टाइलिश लुक में दिखाई दीं। बता दें, कार्तिक और कृति की ये फिल्म 10 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इनके अलावा अली फजल भी कैजुअल लुक में एयरपोर्ट पर दिखाई दिए।

# खेल हमें जीवन में अनुशासित रहना सिखाता है : नरेंद्र सिंह तोमर



सांसद खेल महोत्सव: पतंग उड़ाई, खेले परंपरागत खेल

**जबलपुर,यशभारत।** खेलों का जीवन में अत्याधिक महत्व है यह मैं जिंदगी में हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बहुत ही सहायक हैं क्योंकि खेल हमें जीवन में अनुशासित रहना सिखाते हैं जिसके कारण हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं यह बात केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जबलपुर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित पतंग महोत्सव कार्यक्रम के दौरान रानीताल स्टेडियम में कही। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवँ साँसद श्री राकेश सिंह के साथ सभी जनप्रतिनिधियों एवँ पदाधिकारीयों ने पतंग उत्सव में पतंग उ?ाई। इस दौरान कृषि मंत्री श्री तोमर ने गिल्ली डण्डा, कंचा, पिटुक खेल का आंनद भी लिया। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा सांसद राकेश सिंह को साधुवाद देता हूं कि उन्होंने इस तरह के आयोजन किया और अपना सौभाग्य समझता हूं कि इन परंपरागत खेलों में मुझे आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा हम भली भांति जानते हैं कि खेलों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि मनुष्य के समग्र विकास के लिए खेलों का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है यह हमें अनुशासन सिखाता है क्योंकि खेल में नियमों का विधिवत पालन ना हो तो कोई भी खेल पूरा नहीं हो सकता इसीलिए जो भी लोग खेल प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते हैं वे नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। खेल के नियम का पालन करना अत्यंत आवश्यक होता है चाहे वह आपकी मंशा के अनुरूप हो या ना हो मैं यह भी मानता हूं कि यदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले कार्य करता अपने जीवन में अनुशासन और संविधान का पालन करें तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए खेल महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्तर पर अपना काम हो रहा है परंतु मोदी जी ने सांसदों को भी प्रेरणा दी कि वह अपने क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कर अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा विकास कर सके जिनमें भारत के परम्परागत खेलों का भी समागम हो पुराने खेलों को भी बढ़ावा मिल सकें। आजकल बच्चों को मोबाइल मैं खेल ज्यादा पसंद आते हैं परंतु परंपरागत खेलों से उनका शारीरिक विकास भी होगा और सूर्य की रोशनी में वे शक्ति प्रदान कर सकेंगे। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि जबलपुर के सांसद श्री राकेश सिंह ने सांसद खेल महोत्सव में परंपरागत खेलों को विशेष स्थान दिया है जिससे जबलपुर में ग्राम पंचायत से लेकर शहर तक हर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बखूबी कर सकता है।

### अपनी आकांक्षाओं को आसमान तक ले जाने की प्रेरणा देती है पतंग- राकेश सिंह

सांसद राकेश सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की प्रेरणा माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने दी है क्योंकि उनका मानना है देश के नौजवानों को, युवाओं को अपने शारिरिक और मानसिक विकास के लिए खेलों में हिस्सा लेना अत्यंत आवश्यक है और इस कारण जबलपुर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें हर स्तर के खेलों का आयोजन हो रहा है।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक सुशील तिवारी, नंदनी मरावी, डॉ जितेंद्र जामदार, जिप अध्यक्ष संतोष बरकड़े, क्रीड़ा भारती जे क्षेत्र संयोजक भीष्म सिंह राजपूत, पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, प्रतिभा सिंह, पूर्व महापौर प्रभात साहू, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, आंनद बर्नाड, एसके मुद्दीन, अभिलाष पांडे, अरविंद पाठक, मनोरमा पटेल, रिंकू विज मंचासीन थे।

# विद्युत चैलेन्जर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

## उद्घाटन मैच एसटीएम इंडियन्स ने जीता




**जबलपुर, यशभारत।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर स्थित विभिन्न संभागों के बीच खेली जा रही विद्युत चैलेन्जर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कंपनी के एम.डी. अनय द्विवेदी द्वारा किया गया । इस अवसर पर प्रतियोगिता के संरक्षक अरविंद चौबे मुख्य अभियंता जबलपुर रीजन तथा राजीव गुप्ता महासचिव केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद, विवेक चंद्रा हेड आई.टी. तथा श्री संजय अरोरा अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल सहित बडी संख्या में कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे । प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए श्री द्विवेदी ने दीप प्रज्जवलन किया तथा सभी खिलाड़ियों को विद्युत चैलेन्जर लीग के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर श्री द्विवेदी ने शानदार बेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अरविंद चौबे की उद्घाटन गेंद पर चौका मारकर तालियां बटोरीं। 14 से 21 जनवरी तक खेली जाने वाली विद्युत चैलेन्जर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में ईस्ट ईगल, नार्थ एवेन्जर्स, एसटीएम इंडियंस, जेआर राइडर्स, स्टोर ड्रेगन्स, आईटी बुल राइजर्स, पाटन पेंथर्स, बेस्ट वारियर्स, विजयनगर सुपरकिंग एवं ओएंडएम लायन्स की टीमें भाग ले रहीं हैं । प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जेआर राईडर्स और एसटीएम इंडियन्स के बीच खेला गया जिसमें एसटीएम इंडियन्स ने 10 रन से जीत हासिल की । 12 ओव्हर के मैच में इंडियन्स ने 100 रनों का स्कोर खडा किया लेकिन राइडर्स की टीम 90 रन ही बना सकी । 43 रन बनाने वाले अभिषेक थामस ने मैन आफ दि मैच का खिताब जीता । आज का दूसरा मैच ईस्ट ईगल एवं नार्थ एवेन्जर्स के बीच खेला गया जिसमें ईस्ट ईगल ने 9 विकेट पर 96 रन बनाए लेकिन नार्थ एवेन्जर्स ने 8 विकेट पर 99 रन बनाकर जीत हासिल की । तीन ओवर में 2 विकेट लेने वाले दया बर्मन को मैन आफ दि मैच का खिताब दिया गया । आज का तीसरा एवं सबसे रोचक मैच आईटी बुल्स एवं स्टोर ड्रेगन के बीच खेला गया जिसमें आईटी बुल्स के 7 विकेट पर 62 रनों के मुकाबले स्टोर ड्रेगन ने मात्र एक विकेट खोकर 66 रन बना लिए । स्टोर ड्रेगन के कप्तान इमरान खान ने शानदार छक्का लगाकर जीत दर्ज कराई और मैन आफ दि मैच का खिताब हासिल किया ।

# पीलिया से युवक की मौत, शव को कंधा देने की बजाए लोगों ने बंद कर लिए दरवाजे





**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर को संस्कारों की नगरी कहा जाता है इसलिए सब इसे प्यार से संस्कारधानी कहते हैं। लेकिन जानकर हैरानी होगी यहां रहने वाले लोगों की इंसानियत मर गई है, लोगों के अंदर संस्कार बचे नहीं है। सभी सोच रहे ऐसा कैसे?। खबर ही कुछ ऐसी है कि अंदर से गुस्सा आएगा, इंसानियत को बुरा-भला

## संस्कारधानी में मर गई इंसानियत

कहने का मन करेगा। दरअसल अब्दुल हमीद वार्ड के कटरा खेरमाई क्षेत्र में पीलिया से एक 34 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजन शव के पास बैठकर पूरी रात रोते रहे, लेकिन मोहल्ले का एक भी व्यक्ति उनके घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने सुबह का इंतजार किया और सोचा कि अंतिम संस्कार कराने मोहल्ले के लोग आएंगे और शव को शमशान तक ले जाएंगे। पर ऐसा हुआ नहीं, घंटों लोगों का इंतजार करने के बाद परिजनों की हिम्मत हार गई, परेशान हो गए सभी ये लगना लगा कि युवक को अंतिम संस्कार होगा भी की नहीं। मोहल्ले के लोगों से जब मदद नहीं मिली तो परिजनों ने गरीब नवाज कमेटी से संपर्क किया जिसके बाद युवक को अंतिम संस्कार हुआ।

### अकेले इनायत ने शव को उठा कर गाड़ी में रखा

खेरमाई कटरा मोहल्ले में रहने वाले लोगों के अंदर कितनी इंसानियत, भाईचारा है अंदाजा लगाया जा सकता है कि गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली मृतक युवक के घर पहुंचे और शव को हाथ में उठाकर शव वाहन में रखा लेकिन मोहल्ले के किसी भी व्यक्ति ने शव उठाने में मदद नहीं की और तो और कुछ घरों में दरवाजे भी लग गए।

### गरीबी ने पीलिया बीमारी का पता चलने नहीं दिया

मृतक दीपक ठाकुर के परिजनों ने बताया कि बहुत दिनों से युवक बीमार था लेकिन गरीबी के कारण वह अपना इलाज नहीं कर पा रहा था। यहां तक कि उसे पीलिया कब हो गया किसी को पता नहीं चला। गरीब नवाज कमेटी के रियाज अली, वसीम अंसारी, दीपक निगम, आबिद बाबा, मो करीम, मो नदीम आदि ने मृतक दीपक का हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कराया।

### दो दिन पहले बच्चे की मौत हुई

मृतक दीपक ठाकुर का दो साल का बच्चा भी निमोनिया से पीड़ित था, दो पहले ही उसकी मौत हुई। बताया जा रहा है कि बच्चे के इलाज के लिए दीपक और परिजनों के पास पैसे नहीं थे। दीपक के मम्मी-पापा कुछ साल पहले ही गुजर गए। दीपक अपनी पत्नी के साथ मौसी और मामा के साथ रहता था। मौसी की उम्र 86 साल से जबकि मामा दिमागी रूप से सक्षम नहीं दीपक इकलौता घर में कमाने वाला था।

# कोहरे के आगोश में शहर घरों में कैद हुए लोग



**जबलपुर, यशभारत।** तीन दिन की राहत के बाद बर्फीली हवाओं ने ठंड की एक और इनिंग शुरू करा दी है। समूचा शहर कोहरे के आगोश में है। लोग घरों में कैद हैं। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रहीं है। जबलपुर में सूर्यदेव का रास्ता कोहरे ने रोक रखा है। बिजिबिल्टी 50 मीटर से कम रही। रविवार की सुबह 7 बजे के बाद से ही कोहरे की चादर ने सूर्यदेव को ढंक लिया था। पूर्वान्ह 11बजे सूर्य देव के दर्शन हुए। उत्तर पूर्वी हवाएं 2 से 4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। सुबह मौसम का मिजाज एकदम से बदल गया, जब सुबह लोग सोकर उठे, तो उन्हें शहर कोहरे के आगोश में डूबा दिखा। सुबह 7 बजे के बाद से अत्यधिक घना कोहरा छाया हुआ था, लोगों को आसपास का कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह ठंडा रहने का अनुमान है और बारिश और बूंदाबांदी भी हो सकती है। शहर में घना कोहरा छाने व शीतलहर के चलते लोग सर्दी से परेशान रहे। ठिठुरन बढने् से लोग घरों में कैद होने मजबूर हो गए। घरों में हीटर, और ब्लोअर चलाकर ठंड से बचाव करते रहे। वहीं बाजारों में व्यापारी अलाव जलाकर किसी तरह ठंड से राहत पाने की कोशिश करते रहे। मौसम विभाग के अनुसार विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर रिकार्ड हुई।

### पारे में हो सकती है तीन-चार डिग्री की गिरावट

मौसम केंद्र के विज्ञानियों के मुताबिक, राजस्थान के ऊपर बना चक्रवाती हवा का घेरा अब हट गया है। इसके कारण उत्तरी पूर्वी हवा के असर स जबलपुर के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। शहर में अगले दो से तीन दिन इसी तरह तापमान में गिरावट बनी रहेगी। 18 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के असर हवा का रुख बदलेगा और तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

### 18 जनवरी तक ठंड से राहत नहीं

मध्यप्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म हो गया है। बादल भी छंट गए हैं। इस करण अगले तीन दिन के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। सीवियर कोल्ड वेव और कोल्ड डे हो सकता है। 16 जनवरी को भी यही स्थिति रहेगी। 17 और 18 को भी तापमान कम रहेगा।

### फसलों को होगा फायदा

मौसम में फिर से ठंडक आने से इससे फसलों पर कि सी तरह का प्रतिकू ल असर नहीं पड़ेगा, बल्कि फसलों की सिंचाई करने के बाद मौसम ठंडा रहने से खेतों में नमी ज्यादा दिनों तक रहेगी। कि सानों को जल्द सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। तेज धूप निकलने से खेतों की नमी जल्दी चली जाएगी।

**14 चक्का ट्रक ने बीच रास्ते कुचला, दूसरे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

# पाटन बायपास में दो युवकों की दर्दनाक मौत

### अंधमूक बायपास के बाद ब्लेक स्पॉट बना पाटन बायपास





जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल थाना अंतर्गत पाटन बायपास में बाइक सवार कारपेंटर युवक अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था तभी अज्ञात लोडिड वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक अपने दोस्त सहित वाहन समेत हवा में दो फिट उछलकर सिर के बल गिरा। जिसके बाद उसकी मौत हो गयी तो वहीं बाइक सवार उत्तरप्रदेश निवासी 19 वर्षीय को 14 चक्का ने बीच रास्ते रौंद दिया। हादसे के दौरान घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस आरोपियो को तलाश करने में जुटी है।

गौरतलब है कि अंधमूक बायपास के बाद अब पाटन बायपास ब्लेक स्पॉट में तब्दील हो गया है। जहां आए दिन सड़क हादसों में मासूमों के लहू से सड़क खून से सन रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मनीष चौधरी 27 साल पिता दुर्गेश चौधरी कांचघर का निवासी था जो पेशे से कारपेंटर था और अपने दोस्त सौरभ के साथ बाइक से पाटन बायपास से लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक मनीष की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रांझी से 10वीं की छात्रा का अपहरण

## बिना बताए घर से हुई गायब, क्षेत्र में हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत एक 10वीं की छात्रा का अपहरण होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। छात्रा कोचिंग गई थी, लेकिन फिर दोबारा घर नहीं लौट सकी। जब देर रात तक किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने आसपास पता किया, लेकिन जब कहीं भी किशोरी का पता नहीं चला तो थकहार कर, थाने में शिकायत दर्ज करवाई। मुस्तैद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर, किशोरी को दस्तयाब करने सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रान्तर्गत निवासी थाने पहुंचे। जिन्होंने बताया कि उनकी दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली लाडली घर से कोचिंग जाने निकली थी जो फिर घर नहीं लौट सकी। आसपास पता करने के बाद भी किशोरी का कहीं सुराग नहीं मिला।
































॥ ऊं शांतिः॥ ॥ ऊं शांतिः॥ ॥ ऊं शांतिः॥

## गंगाजलि/त्रयोदशी संस्कार

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री जय घनश्याम मिश्र जी का स्वर्गवास दि. 02.01.2023, दिन सोमवार को हो गया है। ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु गंगाजलि, त्रयोदशी संस्कार एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज दिनांक 15.01.2023 दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक है। कृपया पधारकार दिवंगत की आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें।



स्व. श्री जय घनश्याम मिश्र जी
जन्म 24.12.1927 स्वर्गवास 03.01.2023

**कार्यस्थलः निज निवास, म.नं. - 446/119, अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे, पूर्वी निवाड़गंज, जबलपुर मो. 9302189185, 9424690211**

**शोकाकुल परिवार**

पुत्र- दिनेश मिश्र, सुशील मिश्र, दिलीप मिश्र, भाई- डॉ. राजेश मिश्र, रमेश मिश्र, श्रीकांत मिश्र, पुत्री- श्रीमती अर्चना मिश्र, दामाद- डॉ. सुनील मिश्र एवं समस्त मिश्र परिवार

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )